संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-154 शनिवार, 06 अप्रैल 2024, पृष्ठ- 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी



**ग्वालियर,05 अप्रैल 2024, (ए)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला करीब 26 साल पुराना है। हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त मामले में लालू 26 साल से फरार है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की एमपीएमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है और करीब 26 साल से लंबित है। ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस संबंध में लालू के खिलाफ यह वारंट जारी किया है।

### चुनाव लडऩे की तैयारी कर रहे मंत्री की दिल का दौरा पड़ने से निधन

**रांची ,05 अप्रैल 2024, (ए)।** गिरिडीह लोकसभा सीट से चुनाव लडऩे की तैयारी कर रहे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो



का दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया। वह 72 साल के थे। वह झारखंड राज्य बनने के बाद बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे थे।

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव हेतु जारी किया न्याय पत्र

## कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय,25 गारंटी,400 रु. मजदूरी,गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख,एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024, (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस ने अपना घोषणा-पत्र 'न्याय पत्र' के नाम से जारी किया है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पी. चिदंबरम समेत कई नेताओं की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में यह घोषणा पत्र जारी किया गया। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में पांच न्याय- 'युवा न्याय', 'नारी न्याय', 'किसान न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'हिस्सेदारी न्याय' को शामिल किया है। इसके साथ ही 25 गारंटी का भी इस घोषणा पत्र में जिक्र है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 25 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना और 50 फीसदी की आरक्षण सीमा खत्म करने का वादा किया है। इसके अलावा जातिगत जनगणना कराने, कर्ज माफी आयोग बनाने, रोजगार की गारंटी देने का भी ऐलान किया है। वहीं महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब परिवारों की महिला को एक लाख रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता राशि, 'युवा न्याय' के तहत 25 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का भी वादा किया है।

वहीं, कांग्रेस के घोषणापत्र पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमारा घोषणा पत्र देश के राजनीतिक इतिहास में 'न्याय के दस्तावेज' के रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पांच स्तंभों पर केंद्रित थी। यात्रा के दौरान युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थी। जहां कहीं भी हम गए, वहां पर इन न्याय की बात की और इसकी गारंटी भी हमने दी है। इन पांच स्तंभों में से 25 गारंटियां निकलती हैं और हर 25 गारंटियों में किसी न किसी को लाभ मिलेगा।




### कांग्रेस का घोषणा-पत्र भ्रम और झूठ का पुलिंदा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को भ्रम और झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चार पीढ़ियों तक देश में लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस अब दावा कर रही है कि वो चमत्कार कर देगी। कांग्रेस आज ऐसे-ऐसे वादे कर रही है, जो काम उसने न केंद्र की सत्ता में रहते हुए किया और न ही विभिन्न राज्यों की सत्ता में रहते हुए किया।

## घोषणा-पत्र में ये गारंटियां और पांच न्याय इस तरह वर्णित किए गए हैं...

### युवा न्याय

- **पहली नौकरी पक्की :** हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार
- **भर्ती भरोसा :** 30 लाख सरकारी नौकरियां, सभी खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे
- **पेपर लीक से मुक्ति:** पेपर-लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां
- **गिग-वर्कर सुरक्षा :** गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा
- **युवा रोशनी :** युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड नारी

### नारी न्याय

- **महालक्ष्मी :** हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए।
- **आधी आबादी, पूरा हक :** केंद्र सरकार की नई नौकरियों मे 50 फीसदी महिला आरक्षण
- **शक्ति का सम्मान :** आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दोगुनी सरकारी योगदान से
- **अधिकार मैत्री :** महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल :** कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुना हॉस्टल किसान

### किसान न्याय

- **सही दाम :** एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली
- **कर्ज मुक्ति :** कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग
- **बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर :** फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर
- **उचित आयात-निर्यात नीति :** किसानों के सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी
- **जीएसटी-मुक्त खेती :** किसानी के लिए ज़रूरी हर चीज़ से जीएसटी हटेगा

### श्रमिक न्याय

- **श्रम का सम्मान ::** 400 रुपए कम से कम दैनिक मज़दूरी, मनरेगा में भी
- **सबको स्वास्थ्य अधिकार : 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर :** मुफ़्त इलाज़, अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी
- **शहरी रोजगार गारंटी :** शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना
- **सामाजिक सुरक्षा :** असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा
- **सुरक्षित रोजगार :** मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद

### हिस्सेदारी न्याय

- **गिनती करो :** सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती
- **आरक्षण का हक़ :** संवैधानिक संशोधन द्वारा 50 फीसदी सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक़
- **एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी :** जितनी एससी/एसटी जनसंख्या, उतना बजट, यानी ज़्यादा हिस्सेदारी
- **जल-जंगल-जमीन का कानूनी हक़ :** वन-अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला
- **अपनी धरती, अपना राज :** जहां एसटी सबसे ज्यादा,वहां पैसा लागू

# जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

## 31 करोड़ रुपये की जमीन कुर्क

**रांची,05 अप्रैल 2024 (ए)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। जमीन घोटाले में जेल में बंद सोरेन के खिलाफ ईडी ने जांच तेज कर दी है। ईडी ने हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया, जिसकी कीमत करीब 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये जमीन रांची के बरियातू में है।

ईडी ने गुरुवार को बताया कि पूर्व



ष्ट्ररू सोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत ये कार्रवाई की गई है। जमीन घोटाले में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे के बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की। इस मामले में अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ घोटाले का आरोप है। ईडी ने कहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी झारखंड के राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी एवं सरकारी रिकॉर्ड संरक्षक प्रसाद हैं।

प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। प्रसाद अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए सोरेन समेत कई लोगों को अपराध की कमाई करने, जमीन पर अवैध कब्जे, अधिग्रहण समेत जैसी गतिविधियों में उनकी मदद की है। ईडी की जांच में पाया गया है कि जमीन के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ किया गया ताकि इसका फायदा भूमाफिया उठा सके।

# बीआरएस नेता के कविता से ईडी के बाद अब सीबीआई करेगी पूछताछ,कोर्ट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024, (ए)।** अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता से पूछताछ करने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर एक आवेदन को अनुमति दे दी। कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था, जो दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच कर रहा



है। बीआरएस नेता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) कावेरी बावेजा ने कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की सीबीआई की याचिका को स्वीकार कर लिया। सीबीआई ने यह कहते हुए अदालत का रुख किया कि मामले में उसकी संलिप्तता के संबंध में मामले की आगे की जांच के दौरान सामने आए सबूतों के संबंध में कविता से पूछताछ की जानी आवश्यक है।

जांच एजेंसी ने कहा कि वह कविता से बुची बाबू (कविता से जुड़े अकाउंटेंट) के फोन से बरामद चैट और एक भूमि सौदे के पोस्ट से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करना चाहती है, जिसमें कथित तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई थी।

# असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि धमकी देना देश में एक माहौल बन चुका है...

**हैदराबाद,05अप्रैल 2024 (ए)।** दिवंगत मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात के बाद धमकी भरा कॉल आने पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि देश में एक माहौल बन चुका है। जिसके कारण इन लोगों की बकवास करने की हिम्मत बढ़ रही है। ये लोग जो खुलेआम इस तरह की धमकियां दे रहे हैं, हम तो सिर्फ चुनाव आयोग से उम्मीद करते हैं कि वो इसकी निगरानी करे। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी किसी डरता नहीं लेकिन इससे ये पत्ता चलता है कि आने वाले समय में कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा।बता दें कि असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया था कि मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात के बाद धमकी भरे कॉल आए थे। उन्होंने कहा था कि अंतराष्ट्रीय नंबरों से फोन



आए थे इसके साथ ही उनकी पार्टी की ओर ये भी कहा गया था कि उन्हें धमकी के पत्र भी मिले थे।मुख्तार अंसारी की मौत 28 मार्च को दिल का दौरा पडऩे से जेल में हो गई थी. हालांकि इसके बाद परिवार ने आरोप लगा था कि उन्हें स्लो पॉइजन दिया जा रहा था। हालांकि इसके बाद सरकार और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ये बातें आधारहीन साबित हुईं।

# कांग्रेस के विधायक ने सीएम सुक्खू को भेजा 5 करोड़ की मानहानि का नोटिस

**धर्मशाला,05 अप्रैल 2024, (ए)।** हिमाचल प्रदेश के ष्ट्ररू सुखविंदर सिंह सुक्खू को कांग्रेस के धर्मशाला से बागी एवं पूर्व विधायक सुधीर शर्मा ने पांच करोड़ की मानहानि का नोटिस भेजा है। पांच पेज का ये नोटिस सुधीर शर्मा के वकील की



ओर से मुख्यमंत्री को भेजा गया है।इस नोटिस के मुताबिक सीएम सुक्खू ने अपने भाषणों में बार-बार सुधीर शर्मा पर कीचड़ उछाला है। कई अपमानजनक टिप्पणियां की हैं, जिससे उनकी मानहानि हुई है। नोटिस के मुताबिक सीएम सुक्खू ने सुधीर शर्मा पर कई झूठे आरोप और गलत टिप्पणियां की हैं। मुख्यमंत्री के बयान बकायदा अखबार और टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक में प्रकाशित और प्रसारित हुए हैं। जिससे सुधीर शर्मा की छवि, प्रतिष्ठा और मान की हानि हुई है। इसलिये इसकी भरपाई के लिए मुख्यमंत्री को 5 करोड़ की मानहानि का नोटिस भेजा गया है।

# ईडी ने एचडीआईएल प्रमोटर्स पर कसा शिकंजा

## 40.37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024 (ए)।** बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचडीआईएल के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 'प्रोवीजनल कुर्की आदेश' जारी किया है। इसमें विक्रम होम्स प्राइवेट लिमिटेड की 40.37 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्ति एक वाणिज्यिक संपत्ति है।



इसमें कलेडोनिया बिल्डिंग, अंधेरी पूर्व, मुंबई में कार्यालय शामिल हैं।वित्तीय जांच एजेंसी ने राकेश वधावन और सारंग वधावन और अन्य के खिलाफ सीबीआई (एसीबी), मुंबई द्वारा दर्ज केस के आधार पर जांच शुरू की है। यस बैंक द्वारा मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को 200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी।प्रारंभ में, मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के बाद मुंबई में एनएम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर की गई थी।आरोप के मुताबिक वधावन ने अवैध रूप से और धोखाधड़ी से मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली कैलेडोनिया इमारत में कई कार्यालय इकाइयां बेचीं। इसके परिणामस्वरूप मैक स्टार को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

# जेल से मनीष सिसोदिया ने अपने समर्थकों को लिखी चिट्ठी...कहा-जल्द बाहर आऊंगा

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024(ए)।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सलाखों के पीछे बंद आप नेता मनीष सिसोदिया ने जेल से चिट्ठी लिखी है। उन्होंने यह चिट्ठी ऐसे समय में लिखी है, जब मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में आप का बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल जारी है।

सिसोदिया ने जेल से लिखी अपनी चिट्ठी में एक या दो नहीं, बल्कि अनेकों मुद्दों का जिक्र किया है। इसके अलावा उन्होंने जल्द ही जेल से बाहर आने का भी भरोसा अपने समर्थकों को दिया है।

सिसोदिया ने चिठ्ठी में लिखा है, जल्द ही बाहर मिलेंगे। शिक्षा क्रांति जिंदाबाद। पिछले एक साल में मुझे आप सभी की याद आई। सब ने बहुत ईमानदारी से काम किया है। जैसे आजादी के समय सबने



लड़ाई लड़ी, वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों की तानाशाही के बाद भी आजादी का सपना सच हुआ। वैसे ही एक दिन हर बच्चे को सही और अच्छी शिक्षा मिलेगी।

# केजरीवाल ने वकील के साथ अधिक समय बिताने की मांगी अनुमति,कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने देश के कई हिस्सों में लंबित मामलों के लिए अपने वकील के साथ अधिक समय बिताने की अनुमति मांगी थी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले को 9 अप्रैल को



फैसला सुनाने के लिए सूचीबद्ध किया।मुख्यमंत्री केजरीवाल ने याचिका दायर कर कहा था कि उनके वकील के साथ बात करने के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिलता, उन्हें विभिन्न राज्यों में कई मामलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें वकील के साथ बात करने के लिए कुछ और समय दिया जाय। उन्होंने अदालत से अपने वकील के साथ मिलने की संख्या प्रति सप्ताह पांच तक बढ़ाने का आग्रह किया। कोर्ट ने इस पर सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# आप नेता आतिशी की बढ़ी मुश्किलें

## बीजेपी से ऑफर वाले बयान पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024(ए)।** भारतीय जनता पार्टी से ऑफर मिलने वाले बयान पर चुनाव आयोग ने आप नेता आतिशी को नोटिस भेजा है। इस संबंध में बीजेपी ने चुनाव आयोग को शिकायत किया था।चुनाव आयोग के अनुसार उन्हें बीजेपी की तरफ से चार अप्रैल को शिकायत मिली थी। इस शिकायत में बताया गया कि आतिशी ने बीजेपी को लेकर गलत बयान दिया है।



आपको बता दें कि 2 अप्रैल को आतिशी ने अपने बयान में कहा था कि उन्हें बीजेपी से ऑफर मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एजुकेशन एक्ट रद्द करने वाले हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाई



**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा ऐक्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह असंवैधानिक है और सेकुलरिज्म के खिलाफ है। मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करेज 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। वहीं, करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं।

C M Y K

## संपादकीय

# मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है। इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2047 का है जब देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ होगी। ऐसी महत्त्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है। बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी उसे हासिल करना आसान नहीं होगा। इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी। यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,000 डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है।अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है। परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है। चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,000 डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति तब है जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पड़ी है। पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है।भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी। वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है। सन 1990 और 2000 के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं। महत्त्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं। इसकी कई वजह हैं।पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिड़े शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया। तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है।अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे औद्योगीकरण की लागत बढ़ती है क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है। ऐसे में निकल जैसे नए संसाधन और जिंस विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक असर डालते हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हालात को मुश्किल बनाने का काम करते हैं।ऐसे में यह मानना अतिरिक्त रूप से आशावादी होगा कि विभिन्न केंद्रीय मंत्रालय उचित नीतियां बनाकर इन जटिल वैश्विक और आर्थिक हालात से आसानी से निपट सकेंगे। ऐसा रवैया भारत को आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में कुछ बेहतर स्थिति में रख सकता है लेकिन इससे विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक टिकाऊ वृद्धि हासिल होती नहीं दिखती।ऐसे में मध्यम अवधि में अधिक सुसंगत नीति बनाने का कोई अन्य विकल्प नहीं नजर आता जो वृद्धि और विकास के लिए जरूरी विभिन्न प्रासंगिक क्षेत्रों को एकीकृत कर सके तथा उपरोक्त रुझानों और शक्तियों का भी ध्यान रखे। जरूरी नहीं कि मध्यम अवधि की ऐसी रणनीतियों को भी अतीत की पंचवर्षीय योजनाओं की सांविधिक शक्ति की आवश्यकता हो।परंतु वे विभिन्न मंत्रालयों में नीति निर्माण को लेकर अहम निर्देश दे सकती हैं जो अन्यथा लंबी या मध्यम अवधि के नियोजन में क्षमता की कमी के शिकार होते हैं। इस कार्य की वास्तविक जगह नीति आयोग होगा।सरकार का यह आंतरिक थिंक टैंक अपनी बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकता है और उसे वृद्धि के लिए मध्यम अवधि का खाका तैयार करने का काम दिया जा सकता है जिसे समय-समय पर आंतरिक और बाह्य विकास के लिए समायोजित किया जा सकता है।

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते।

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।

कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति







पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।

खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# रिजर्व बैंक की 90 वर्षों की निरंतर मजबूती की गाथा

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार 1 अप्रैल को 90 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया। दुनिया के दो अन्य बैंक 90 से 99 वर्ष के बीच हैं। वे बैंक ऑफ अर्जेन्टीना और बैंक ऑफ कनाडा हैं जो 1935 में स्थापित हुए।केंद्रीय बैंकों का इतिहास 17 वीं सदी का है जब 1668 में स्वीडिश रिक्सबैंक की स्थापना हुई। इसे एक संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में सरकारी फंड्स को ऋण देने तथा कारोबारों के लिए क्लियरिंग हाउस के रूप में काम करना था। इसे केंद्रीय बैंक की शुरुआत माना जाता है।कुछ दशक बाद 1694 में बैंक ऑफ इंगलैंड की स्थापना हुई। यह भी संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में बना जिसे सरकारी डेट खरीदना था। 1800 में नेपोलियन बोनापार्ट ने बैंक डी फ्रांस की स्थापना की ताकि फ्रांसीसी क्रांति के दौरान कागजी मुद्रा की अत्यधिक मुद्रास्फीति को स्थिर किया जाए। बैंक ऑफ फिनलैंड की स्थापना 1812 में हुई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व 1913 में स्थापित हुआ यानी स्विस नैशनल बैंक के सात वर्ष बाद। बैंक ऑफ जापान 1882 में स्थापित हुआ। आखिरकार 1998 में वर्तमान यूरोपीय केंद्रीय बैंक की स्थापना हुई ताकि यूरो की शुरुआत की जा सके। समय के साथ केंद्रीय बैंकों की गतिविधियों में सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए 1914 में पहला विश्व युद्ध शुरू होने से पहले केंद्रीय बैंकों ने घरेलू आर्थिक स्थिरता को बहुत महत्त्व नहीं देते थे। युद्ध ने रोजगार, गतिविधियों और मूल्य स्तर को लेकर चिंता उत्पन्न की। महामंदी के बाद एक बार फिर केंद्रीय बैंकिंग में बदलाव आया। फेड भी वित्त विभाग के अधीन हुआ और फिर 1951 में ही उसे स्वायत्तता मिल सकी। वापस रिजर्व बैंक पर लौटते हैं।एक अप्रैल, 1935 को रिजर्व बैंक की स्थापना के बाद से वह 25 गवर्नरों के साथ काम कर चुका है। बेनेगल रामा राव 1 जुलाई, 1949 से 14 जनवरी, 1957 तक यानी साढ़े सात वर्षों तक इसके गवर्नर रहे जो अब तक किसी गवर्नर का सबसे लंबा कार्यकाल है। वहीं अमिताभ घोष महज 20 दिनों (15 जनवरी से 4 फरवरी, 1985 तक) तक गवर्नर रहे। रामा राव के इस्तीफे के बाद गवर्नर बने केजी अंबेगांवकर भी केवल छह सप्ताह तक पद पर रहे। बी एन आदरकर ने भी 4 मई, 1970 से 15 जून, 1970 तक लगभग इतनी ही अवधि तक गवर्नर पद संभाला।1991 के आर्थिक सुधारों से अब तक आठ गवर्नर बने हैं जिनमें विमल जालान का 22 नवंबर, 1997 से 6 सितंबर, 2003 तक का कार्यकाल सबसे लंबा रहा जबकि एस वेंकटरमणन का कार्यकाल सबसे छोटा। वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास दिसंबर में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा होने के पहले ही कार्यकाल के मामले में जालान से आगे निकल जाएंगे। वह रामा राव के बाद दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल वाले गवर्नर होंगे। वाईवी रेड्डी ने पांच साल और ऊर्जित पटेल ने तीन वर्ष आठ महीने तक यह पद संभाला।उदारीकरण के बाद के गवर्नरों की बात करें तो दास तमिलनाडु कैडर के 1980 के बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके लिए यह सबसे चुनौतीपूर्ण दायित्व रहा है। कोविड 19 महामारी ने 5 लाख करोड़ डॉलर का आकार पाने का सपना देख रही अर्थव्यवस्था को मंदी में धकेल दिया। दास ने ब्याज



दरों को ऐतिहासिक रूप से कम किया। इस असाधारण संकट को कई गैर पारंपरिक उपायों की मदद से हल करने का प्रयास किया गया।वेंकटरमणन, जालान, डी सुब्बाराव और रघुराम राजन के सामने भी मुश्किल हालात आए। जालान तब गवर्नर बने जब पूर्वी एशियाई संकट चरम पर था और स्थानीय मुद्रा दिन ब दिन डूब रही थी। सुब्बाराव के कार्यकाल में ही अमेरिकी निवेश बैंक लीमन ब्रदर्स होल्डिंग इंक का पतन हुआ और वैश्विक वित्तीय संकट आया। राजन को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा क्वांटिटेटिव ईजिंग रोकने के बाद ट्रेजरी प्रतिफल में आई तेजी, कमजोर रुपये, बढ़ते चालू खाते घाटे तथा उच्च मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ा।1991 का उदारीकरण वेंकटरमणन के कार्यकाल के बीच हुआ। 1991 के भुगतान संतुलन के साक्षी रहे लोग मानते हैं कि सबसे मुश्किल कार्यकाल दास का नहीं बल्कि वेंकटरमणन का रहा। मेरा मानना है कि दोनों संदर्भ इतने अलग हैं कि तुलना करना सही नहीं। दास को कोविड-19 संकट का सामना तब करना पड़ा जब पूरी दुनिया आपस में गुंथी हुई थी और भारतीय अर्थव्यवस्था नॉमिनल जीडीपी के अनुसार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अब रिजर्व बैंक का एक अंतरराष्ट्रीय कद है। पूरी दुनिया के सामने एक ही चुनौती थी और विभिन्न केंद्रीय बैंकों ने तालमेल के साथ नीतियां बनाईं। वेंकटरमणन का समय अलग था। भारत की अर्थव्यवस्था तब बहुत छोटी थी और उसे अकेले ही चुनौतियों से निपटना था। उस समय तो कुछ अमेरिकी विश्वविद्यालयों के फंड भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार से बड़े थे। रेड्डी का कार्यकाल सबसे बेहतर था क्योंकि भारत ने उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति का दौर देखा। अपने कार्यकाल में उन्होंने नीतिगत दर बढ़ाना जारी रखा लेकिन ऋण और आर्थिक वृद्धि प्रभावित नहीं हुई। कई लोग कहते हैं कि यह जालान की विरासत थी। रेड्डी ने नियामकीय मानकों को सख्त बनाया जो वैश्विक मानकों के कारण पहले से तंग थे। उन्होंने कई सुरक्षा उपाय किए जो 2008 के संकट के समय सुब्बाराव के लिए मददगार साबित हुए। यदि 1991 के बाद के रिजर्व बैंक पर नजर डालें तो शायद ऐसी तस्वीर सामने आएगी रंगराजन और उनके डिप्टी एसएस तारापोर मुद्रावादी थे। दोनों ने सरकार के साथ रिश्तों को बदला। जालान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में सेवा दे चुके अर्थशास्त्री थे। वह जानते थे कि कैसे काम करना है। दास भी ऐसे ही हैं जबकि रेड्डी को सबसे दिमागदार गवर्नर माना जाता है। वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग चाहता था कि रिजर्व बैंक को कई दायित्वों से मुक्त किया जाए। राजन ने इसका सफलतापूर्वक विरोध किया। इस बीच केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित किया। दास के कार्यकाल में उसने वृद्धि और मुद्रास्फीति का सराहनीय संतुलन किया, वित्तीय क्षेत्र को स्थिर बनाए रखा और व्यवस्था को मजबूती दी। उपसंहारः यथास्थितिवादी नीतिमौद्रिक नीति समिति की 2024-25 की पहली बैठक जो शीघ्र होगी उसका नतीजा क्या होगा? यथास्थिति बरकरार रहेगी यानी कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। लगातार सातवीं बैठक में रीपो दर 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी। वित्त वर्ष 25 के लिए सात फीसदी के वृद्धि अनुमान में भी कोई बदलाव नहीं आएगा। चालू वर्ष का वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 7.3 फीसदी किया जा सकता है।कोर मुद्रास्फीति में कमी एक बड़ी राहत है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति चिंताजनक है। मॉनसून की भी इसमें भूमिका अहम होगी। हम आशावादी रह सकते हैं लेकिन हमें सतर्क भी रहना होगा। निकट भविष्य में दरों में कटौती की भी कोई संभावना नहीं।

**-तमाल बंद्योपाध्याय-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जहर में डूबे रिश्ते



ये मत कहना कि मजबूरी है,
जीवन में रिश्ते जरूरी है,
तू तू मैं मैं होना,
एक दूसरे से नाराज होना,
ये सब तो इंसानी फितरत है,
पर इसे तोड़कर रिश्ते खो देना,
कभी नहीं कहता कुदरत है,
हजारों सालों से सहते आ गये
सारे जुल्मों सितम,
तब भी संबंधों की मिठास
कभी नहीं हुआ कम,
पर आज विश्वास इस कदर टूटा है,
कि भाई बहन हर रिश्ता छूटा है,
कारण वहीं है कि
हम अपनों को छोड़
पड़ोसियों पर भरोसा करते हैं,
जो सुझाव देने के बजाय
हमारे दिमाग में कूट कूट कर जहर भरते हैं,
क्या देखा है कभी कि
गरल पी संबंध निखरता है?
अरे नहीं साब इससे संबंध बिखरता है,
अपनों को भूल डिवाइसों में व्यस्त हैं,
किताबों को तो भूल गए हैं
और रिश्ते कर रहे ध्वस्त हैं,
मत भूलिये कि जहर जहर है,
जो आपसी सौहाद्र के लिए कहर है।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रात

डूबता सूरज आती निशा रोज
लोग प्रकाश स्रोत करता खोज!!
जूगनु उड़ता सदा उन मुक्त गगन
सब चमगादड़ उल्लू होता मगन!!
मानव विश्राम हेतु बिस्तर खोजता
यौवन बीज नित
नया रोज रोपता!!
सुबह की सबकाज मन पर आता
उसकी योजना रात ही बन जाता!!
झिंगुर की आवाज गुंजाता स्पष्ट
तन मन की थकान
करती यह नष्ट!!
सूरज से यह सदा नित भगता
शशि से निशा घंटे गले लगता!!
विहंग को घर यह उनके लाता
देख पंकज रोज सिकुड़ जाता!!
जब भी होता इनका आगाज
रात्रिचर की बदल जाता अंदाज
करता विरान धरा का राह सारी
पर चलने मे
लगता सबको भारी!!
चांद सितारे की लाती यह बारी
वक्त का हिस्सा है यह उपकारी!!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मतदान

चलौ दीदी चलौ भइया,
चलौ जी सियान गा।
आवौ सब मिलके हमन,
करबो मततान गा।।
जानौ अउ समझौ भइया,
अपन अधिकार ला।
मिल के सब मनाहू दीदी,
ये चुनई तिहार ला।।
कतको आही भरमाही जी,
झन देहू कान गा।
आवौ सब मिलके हमन,
करबो मततान गा।।
देश के विकास होही,
अउ नवा बिहान होही।
शिक्षा रोजगार मिलही,
सुखी किसान होही ।।
मत के महत्व ला संगी तँय हा
पहिचान गा।
आवौ सब मिलके हमन,
करबो मततान गा।।
कतको रहय काम गा,
झन करव बहाना जी।
पहिली मतदान करहू,
फेर कहूँचो जाना जी।।
जिम्मेदारी हावय सब के,
सुनले मितान गा।
आवौ सब मिलके हमन,
करबो मततान गा।।



**राजकुमार निषादराज**
बिरोदा
धमधा-दुर्ग
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## पुस्तक सी

पुस्तक सी होती जिंदगी,
अपने ही लिखे लफ्जों से भरी होती,
जोमनचाही पुस्तक होती,
जिसे बार बार पढ़ते ।
होता अगर कोई अनचाहा पन्ना,
तो मोड़कर रख देते या,
फाड़कर अलग कर देते।
और प्रेम के सारे पन्नों को,
खुशियों के सारे पन्नों को,
जिल्द से सजी पुस्तक सा
हमेशा संजोकर रखते।
और अनचाहे पन्नों की स्याही को
बादलों की छाया में,
बरखा में भिगों आते,
और नई फसल की तरह
नई पुस्तक के बीज बोते ।
पुस्तक सी ........।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## प्रेम का मिलन

प्यारे साजन क्या तुम मेरे
हिय की बात जान पाए ?
भाव वहीं जो कह न सके ,
क्या तुम उन्हें समझ पाए ?
सोचते ही तुम्हें, ओटों पर हँसी,
तेरी छवि की चमक से आँखें भरी,
आजा ओ मिलने ,तुम रुबरु अभी
,सहा न जाए अब यह पीर भारी ह्व
वक्त-बे-वक्त,तेरा ही सुरूर ,
चैन नहीं बनी बेचैनी अब नासूर ,
प्रेम का असर,क्या मेरा कसूर ?
,क्या तुम समझ पाए मेरे हुजुर ?
जाने कैसी जंजीरों से कसे मुझे ,
मिलन की आग की तपीश जैसे ,
विरह पीड़ा बड़े ज्यों पर्वत जैसे ,
क्या तुम समझ पाए प्रेम राग से ?
कसक भरी है ,मन में भरकम,
मैं मधुर रागिनी, तुम मेरे सरगम ,
मैं भावों की धारा,तुम मेरे संगम,
क्या तुम समझ पाए प्रियतम ?
प्रेम दीप्त से कर आलोकित,
दिव्य कोमल हृदय पुलकित, ,
संगम हो प्रीत की रीत नियमित
क्या तुम समझ पाए मेरे मीत ?



**वर्षा शिवांशिका**
कुवैत

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भारत-ब्रिटेन व्यापार सौदे के संभावित परिणाम

गत 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत में भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत हुए कि वे साझा लाभ वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्दी अंजाम तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। हम आशा कर सकते हैं कि चुनाव के बाद देश में नई सरकार बनते ही भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन के लिए एफटीए नई व्यापार साझेदारियां स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा है। इस बीच भारत भी तेजी से नए एफटीए को अंजाम दे रहा है मानो वह अपनी संरक्षणवादी छवि में बदलाव कर रहा हो। यह बदलाव तब आया जब नवंबर 2019 में भारत अचानक 16 देशों वाली क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसेप) वार्ता से बाहर हो गया।बीते चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) के देशों मसलन स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टनस्टाइन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के साथ एफटीए आरसेप से बाहर आने के बाद भारत का पांचवां एफटीए होगा। भारत के एफटीए साझेदारों ने तेज वार्ता की रणनीति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है क्योंकि भारत के साथ एफटीए उन्हें एक बड़े उभरते बाजार तक पहुंच प्रदान करता है वह भी उच्च टैरिफ से बचकर।माना जा रहा है कि एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2023 में भारत और ब्रिटेन का आपसी व्यापार 57 अरब डॉलर से अधिक हो गया। भारत ने जितना खर्च किया उससे 13.34 अरब डॉलर अधिक की राशि अर्जित की। भारत ने 11.40 अरब डॉलर की वस्तुओं और 23.80 अरब डॉलर की सेवाओं का निर्यात ब्रिटेन को किया और उससे 8.96 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं और 12.90 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं की खरीद की।दोनों देशों ने जनवरी 2022 में एफटीए को लेकर बातचीत शुरू की। इस वार्ता में 26 विषय शामिल हैं जिसमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, स्रोत के नियम, व्यापार और टिकाऊ विकास, श्रम, लिंग और डिजिटल व्यापार आदि हैं। बातचीत के प्रमुख विषयों में से कुछ के अनुमानित परिणाम इस प्रकार हैं: वाणिज्यिक उत्पाद व्यापार भारत ब्रिटेन को जो निर्यात करता है उसका आधा से अधिक हिस्सा यानी करीब 6 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात पेट्रोलियम, औषधि, हीरे, मशीनों के कलपुर्जे, विमान और लकड़ी के फर्नीचर आदि पहले ही बिना आयात शुल्क के ब्रिटेन जाते हैं। ऐसे में इन निर्यातों को शुल्क दरों में संभावित कमी का कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलेगा।

बहरहाल करीब 5 अरब मूल्य का अन्य निर्यात जिमसें वस्त्र, कपड़ा, जूते-चप्पल, कालीन, कारें, समुद्री भोजन, अंगूर और आम शामिल हैं, उन्हें लाभ होगा क्योंकि अभी उन पर शुल्क चुकाना होता है।इस व्यापार में ब्रिटेन को अधिक लाभ होगा क्योंकि भारत आने वाले उसके 91 फीसदी उत्पादों पर औसत से उच्च आयात शुल्क लगता है। ऐसे अधिकांश उत्पादों को भारत द्वारा शुल्क हटाए जाने का लाभ मिलेगा। भारत ब्रिटेन से आने वाली कारों पर आयात शुल्क को 100 फीसदी से कम करके 50 फीसदी कर सकता है तथा कुछ कारों को वह 25 फीसदी की न्यूनतम शुल्क दर पर भी आने दे सकता है।इलेक्ट्रिक वाहनों पर भारत पहले ही शुल्क दर कम कर चुका है और उसे 100 फीसदी से कम करके 15 फीसदी तक कर दिया गया है। इससे संकेत मिलता है कि भारत ब्रिटेन को बेहतर पेशकश कर सकता है। इसी प्रकार वाइन के मामले में भारत आयात शुल्क को अगले 10 वर्ष में 150 फीसदी से कम करके 25 फीसदी कर सकता है।

ऑस्ट्रेलिया और स्विस वाइन के मामले में ऐसा हो चुका है। यानी कुछ सालों में 90 फीसदी द्विपक्षीय व्यापार शुल्क मुक्त हो जाएगा और व्यापार बढ़ेगा।सेवाः भारत अपनी सूचना प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है। उसने ब्रिटेन से अनुरोध किया है कि वह भारतीय पेशेवरों को अल्पकालिक कामों के लिए प्राथमिकता पर वीजा प्रदान करे।

**-अजय श्रीवास्तव-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सोयाबीन,वनस्पति तेल मिश्रित कर बनाया जा रहा था नकली घी





बिना अनुमति के महाराष्ट्र के एक व्यक्ति द्वारा तैयार कराया जा रहा था नकली घी...

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के बाबूपारा मोहल्ले में स्थित एक किराए के घर में नकली घी बताया जा रहा था। शुक्रवार को इसकी जानकारी जिला प्रशासन की टीम को होने पर छापेमारी कार्रवाई की गई है। टीम ने फैक्ट्री में दबिश देकर कुल 7.86 लाख कीमत के सोयाबीन, वनस्पति तेल सहित मिश्रित घी को जब्त किया है। नकली घी डालडा एवं सोयाबीन तेल को मिलाकर व एसेंस डालकर तैयार किया जा रहा था।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन ने बताया कि जांच के दौरान उपस्थित व्यक्ति राकेश ओमप्रकाश बंसल द्वारा सोयाबीन तेल तथा वनस्पति से घी का निर्माण किया जा रहा था और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पंजीयन व अनुज्ञप्ति उक्त व्यक्ति के पास नहीं पाया गया,जो कि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस तरह कार्रवाई करते हुए मौके पर पाए गए किंग सोयाबीन तेल के 15 लीटर के 81 टीन, रजनी गोल्ड वनस्पति के 15 लीटर के 57 टीन तथा मिश्रित तेल-घी के 15 लीटर के 98 टीन और 150 लीटर के 8 ड्रम को नियमानुसार जब्त किया गया। कुल 7.86 लाख कीमत के सोयाबीन, वनस्पति तेल सहित मिश्रित घी को जब्त किया गया है। उपरोक्त खाद्य नमूनों को मिलावट के शंका के आधार पर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। उन्होंने बताया कि मौके पर फैक्ट्री में घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करते पाया गया जिसके कारण 2 नग घरेलू गैस एंड चूल्हा भी खाद्य विभाग के द्वारा जब्त किया गया।

## चार दिनों से चल रहा था अवैध काम

अंबिकापुर बाबूपारा में किराए में मकान लेकर माराष्ट्र के गोंदिया निवसी राकेश बंसल द्वारा बड़े पैमाने पर नकली की बनाने का कारोबार किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इनके द्वारा चार दिन पूर्व ही फैक्ट्री की शुरूआत की गई थी। राकेश बंसल ने बताया कि यह घी नवरात्र में पूजा के उपयोग के लिए तैयार किया जा रहा था। ऑर्डर मिलने पर मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्जवलित करने के लिए इस घी का उपयोग किए जाने की बात स्वीकार की है। हालांकि घी बनाने के लिए किसी भी तरक ही अनुमति नहीं ली गई थी और न ही कोई लाईसेंस है। तहसीलदार उमेश बाज ने बताया कि मौके पर 200 टीनों में तैयार घी मिला है। इसके अलावे 700 लीटर के ड्रमों मे घी तैयार कर पैकिंग के लिए रखा गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वनस्पति घी एवं सोयाबीन तेल को मिलाकर घी तैयार किया जा रहा था। घी बनाने का काम वर्करों द्वारा किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि उक्त नकली घी मार्केट में पहुंचने की सूचना नहीं मिली है।



# गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कमलेश्वरपुर पुलिस ने गांजा के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 किलो 7 सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की कि तीन व्यक्ति कापू से गांजा लेकर बाइक से आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 8695 को मैनपाट कापू रोड में रोकर तलाशी ली तो इनके कब्जे से 2 किलो 7 सौ ग्राम गांजा पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी बसंत लहरे उम्र 24 वर्ष, पिताम्बर लहरे उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी कुम्हींचुआं थाना कापू जिला रायगढ़ एवं गणेश यादव उम्र 32 वर्ष निवासी बंदना थाना सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से सउनि सहदेव वर्मन, आरक्षक देवदत्त सिंह, आरक्षक मदन साय पैंकरा, आरक्षक परवेज फिरदौसी इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## वसुधा महिला मंच का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रिया तिवारी रहीं प्रथम

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर, 05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** वसुधा महिला मंच द्वारा शारदीय नवरात्र में महिलाओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। दो वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित किया गया। शहर की



महिलाओं में प्रथम,रिया तिवारी, द्वितीय,अर्चना सिह,मुक्ता गुप्ता,संगीता सोनी रहीं। तृतीय मधुमती सिह,नीलिमा मिश्रा, रेणु कुमार रहीं। वसुधा सदस्यो में प्रथम तनुश्री मिश्रा,रेखा इंगोले, द्वितीय सरिता भाटिया, जया तिवारी,तृतीय सन्तोष पांडेय,अनुभा डबराल,नेहा वर्मा रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार 13 अप्रैल को दुर्गा मंदिर में वसुधा के देवी जस गीत कार्यक्रम में दिया जाएगा। वसुधा महिला मंच की संयोजिका वंदना दत्ता ने विजेताओं से आग्रह किया है कि चैत्र नवरात्रि के पंचमी को पुरस्कृत होने अवश्य आएं।

# संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती पर हुई महाआरती,निकली भव्य शोभा यात्रा



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नगर में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन नगर एवं ब्लॉक साहू समाज द्वारा शहर के दर्रीपारा स्थित साहू समाज के भवन में किया गया। भक्त माता कर्मा जयंती को लेकर सुबह भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना करते हुए महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा व श्रीकृष्ण भगवान के छायाचित्र का पूजन अर्चन कर किया गया। महा आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 4 बजे शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा समाज के भक्त कर्मा भवन से निकल गई। जो दर्रीपारा से अस्पताल रोड,अग्रसेन चौक, महामाया चौक,संगम चौक,ब्रह्म रोड,पोस्ट ऑफिस रोड से होकर साहू धर्मशाला पहुंची। समाज के लोगों ने जयंती को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम का भी आयोजन किया। कई जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। पूरे आयोजन को लेकर स्वजातीय युवाओं, महिलाओं, बच्चों सहित बुजुर्गों में भी काफी उत्साह देखा गया।


# बैसाखी पर्व पर क्रिकेट प्रतियोगिता, अकाल पूरख की फौज बनी विजेता




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

पंजाबी युवा समिति अंबिकापुर के तत्वाधान में गांधी स्टेडियम में 1 अप्रैल को बैसाखी पर्व के उपलक्ष में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें अंबिकापुर, विश्रामपुर और पत्थलगांव की सिख समाज और सिंधी समाज की सात टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आरंभ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा अंबिकापुर के पदाधिकारी एवं पंजाबी युवा समिति के पदाधिकारी सक्रिय रहे। फाइनल मैच को स्टेडियम ग्राउंड में खेला गया । इस रोमांचक मैच में पहले खेलते हुए 12 ओवर के मैच में गुरु नानक इलेवन की टीम ने 12 ओवर में 152 रन बनाएं जिसे अकाल पूरख की फौज ने पीछा करते हुए 11.5 ओवर में ही एक गेंद रहते लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें गुरु नानक इलेवन और अकाल पूरख की फौज इन दो टीमों के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें विजेता अकाल पूरख की फौज रही। प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए और रन अप को 5000 रुपए दिए गए इस कार्यक्रम को आयोजित करवाने में पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह पबियाल और उनकी टीम ने काफी मेहनत की और एक बेहतरीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने युवाओं को अच्छे स्वास्थ के खेलों के प्रति जागरूक होने पर बल दिया और बैसाखी पर्व पर अग्रिम शुभकनाएं भी दीं।

# अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ की गई अता



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मुस्लिम समाज द्वारा अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ अता की गई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शहर सहित संभाग की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई व समाज के लोगों ने अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान आज विदा हो गया। इस एक माह तक समाज बच्चे, बड़े व बुजुर्ग रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन रहते है। रमजान के मौके पर इस बार मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी गई जबकि जगह जगह दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान के मौके पर मस्जिदों में भी प्रतिदिन इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के इबादत का महीना अब समाप्त होने से पहले अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा के रूप में मनाया गया। अलविदा जुमा के मौके पर समाज के लोग नए व साफ सुथरे कपड़े पहनकर मस्जिदों में पहुंचे थे जहां अलविदा जुमा की दो रकत नमाज अता की गई। इस दौरान शहर के जामा मस्जिद में मुफ्ती अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही रसूलपुर नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इस दौरान मस्जिदों में नमाज पढने वाले नमाजियों की भीड़ को देखते कमेटियों द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। गर्मी के मौसम में धूप से बचाव के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था की गई थी। नमाज उपरांत समाज के लोगों ने अपने व परिवार की खुशहाली, देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

# नाबालिग लडक़ी से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



नाबालिग लडक़ी से बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने सीतापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका शिवपुर पत्थलगांव निवासी विशाल नटराज से जान-पहचान हुई थी। 9 मार्च की दोपहर 3 बजे लगभग पीड़िता थाना सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत घर में अकेली थी,कि उसी दरम्यान आरोपी विशाल नटराज द्वारा मौका पाकर पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। आमजनों से शर्म एवं बदनामी के कारण पीड़िता द्वारा विलंब से रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। जिस पर से सदर धारा 450,376 भादसं एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध उपरांत पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पत्थलगांव के पुलिस स्टॉफ की मदद से आरोपी विशाल नटराज उम्र 20 वर्ष, निवासी शिवपुर थाना पत्थलगांव जिला जशपुर छ.ग. को उसके निवास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। तथा विधिवत् रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

# विक्की भगत व श्रेया दास का चयन राष्ट्रीय युथ बास्केटबॉल में

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिला से छत्तीसगढ़ युथ बास्केटबॉल टीम में बालक वर्ग में




विक्की भगत और बालिका वर्ग में श्रेया दास का चयन 38 वीं राष्ट्रीय युथ बास्केटबाल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता पांडिचेरी, तमिलनाडु के लिए हुआ है। ये प्रतियोगिता 9 से 15 अप्रैल तक आयोजित है। सरगुजा संभाग से बास्केटबॉल खेल में ओपेन चैम्पियनशिप मैं चयन होना बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह दोनों बच्चे विगत कई वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड में अभ्यास करते आ रहे हैं और दोनों ही मेहनती खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि विक्की भगत गरीब परिवार से है वह हर दिन सुबह अखबार बाटता है उसके बाद शाम को अभ्यास करता है। दिन के बाकी समय अपने पिता के साथ फल ठेले पर फल बेचता है।

# सर्पदंश से पीड़ित युवक की झाड़-फूंक कराने के चक्कर में चली गई जान

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के रमकोला थाना क्षेत्र के ग्राम बोंगा में 3 अप्रैल की रात को एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया। वह 16 वर्षीय चचेरे भाई के साथ घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सोया था। इस दौरान उसके दाहिने हाथ के अंगूठा में सांप ने डंस लिया। घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे इलाज कराने के बजाए गांव में ही सरपंच बैगा से झाडफ़ूंक कराते रहे। तब तब ज्यादा समय बीत गया। उसे आनन फानन में इलाज के लिए रेवटी अस्पताल लेकर पहुंचे तो अस्पताल बंद मिला। वाड्रफनगर अस्पताल के बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।यहां इलाज के दौरान 4 अप्रैल की दोपहर उसकी मौत हो गई।

राजकुमार पंडो पिता बुधराम पंडो उम्र 22 वर्ष बलरामपुर जिले के रमकोला थाना क्षेत्र के ग्राम बोंगा का रहने वाला था। वह 3 अप्रैल की रात को खाना खाकर अपने चचेरे भाई 16 वर्षीय दिलेश्वर के साथ जमीन में बिस्तर लगाकर सोया था। तभी देर रात को उसके दाहिने हाथ के अंगूठा में कुछ काटने का एहसास हुआ। वह उठकर देखा तो सांप था जो पास के ही रखे लकड़ी के पटरों के अंदर घूस गया। सांप काटे जाने की जानकारी सुबह 5 बजे परिजन को दी। परिजन उसे इलाज कराने के बजाए गांव के सरपंच जो कि बैगा का भी काम करता है। उससे झाडफ़ूंक करवाने लगे। इस दौरान लगभग झाड़-फूंक में एक से डेढ़ घंटा बिलंब हो गया। झाड़-फूंक से ठीक नहीं होने पर परिजन उसे इलाज के लिए बाइक से रेवटी अस्पताल लेकर पहुंचे पर अस्पताल बंद पाया गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान 4 अप्रैल की दोपहर में उसकी मौत हो गई।

# नदी में नहाने गए बालक की डूबने से हुई मौत

**- संवाददाता -**
**सीतापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नदी में नहाने गए 13 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। जानकारी अनुसार क्षेत्र की आराध्य देवी मंगरेलगढ़ीन मंदिर परिसर में साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन किया गया था। जहाँ सीतापुर निवासी शिवम कुमार गुप्ता आ. अमित गुप्ता भी अपने परिजनों के साथ भागवत कथा में शामिल होने गया था। इस दौरान शिवम अपने परिजनों संग गुरुवार की रात कथा स्थल पर ही रुक गया था। अगली सुबह वो 7-8 बजे के बीच बिना किसी को बताए मंगरेलगढ़ स्थित मांड नदी में नहाने चला गया। काफी देर तक जब वो कही नजर नही आया तब परिजनों को उसकी चिंता होने लगी। जिसके बाद उसके पिता एवं परिजन उसकी तलाश करने लगे। इसी दौरान उन्हें नदी किनारे बालक का कपड़ा पड़ा हुआ मिला। किसी अनहोनी की आशंका पर परिजन संग आये लोगो ने पानी के अंदर उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक तलाशने के बाद



बालक पानी के अंदर डूबा मिला। जिसे तत्काल पानी से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ निरीक्षण के बाद डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।कक्षा सातवीं का छात्र शिवम माता पिता का इकलौता बेटा था। जिसके असामयिक मृत्यु से माता पिता एवं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पोस्टमार्टम के लिए घंटो करना पड़ा इंतजार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करने वाले मेहतर के अभाव में पीड़ित परिवार को पोस्टमार्टम के लिए घंटो इंतजार करना पड़ा। ऐसा पहली बार नही हुआ है कि पोस्टमार्टम के लिए लोगो को इंतजार करना न पड़ा हो। इससे पहले भी मेहतर के अभाव में लोगो को हॉस्पिटल में घँटों इंतजार करना पड़ा है।जब भी कोई मौत होती है तो उसके पोस्टमार्टम के लिए मेहतर बतौली से बुलाया जाता है। समय पर आ गया तो ठीक नही तो जब तक वो नही आता शव का पोस्टमार्टम नही होता है। हॉस्पिटल में यह भर्राशाही विगत कई सालों से चल रहा है। यहाँ पोस्टमार्टम के लिए पदस्थ मेहतर की सेवानिवृत्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग आज तक यहाँ मेहतर की नियुक्ति नही कर पाई है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दायरा काफी बड़ा होने के कारण यहाँ रोज पोस्टमार्टम के लिए शव लाये जाते है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग मेहतर की नियुक्ति को लेकर सालो से उदासीन बना बैठा है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# यूक्रेन से युद्ध के बावजूद रूस में जमे हैं 30 हजार भारतीय छात्र

## रूसी अधिकारी ने बताई इसकी वजह



**मॉस्को,05 अप्रैल 2024।** यूक्रेन से युद्ध के बाद भी रूस में 30 हजार से अधिक भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। दरअसल 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर सभी चिंतित थे। इस बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि पिछले दो वर्षों में रूस में भारतीय छात्रों की संख्या में कमी नहीं आई है। नई दिल्ली में रूसी हाउस के निदेशक ओलेग ओसिपोव ने इस बात पर प्रकाश डाला।

### संघर्ष वाले क्षेत्रों से दूर हैं भारतीय छात्र

ओलेग ओसिपोव ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय छात्रों को संघर्ष वाले इलाकों से दूर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों की संख्या में कोई कमी नहीं देखने को मिली। जहां तक रूसी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की स्थिति का सवाल है, इस बारे में ओसिपोव का कहना है कि कुछ छात्र क्रीमिया में पढ़ रहे हैं तो कुछ सेवस्तोपोल के शहरों और रूस के पश्चिमी हिस्सों में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।

### रूस में भारतीय छात्रों की संख्या पर बोले ओसिपोव

रूसी हाउस के निदेशक ओलेग ओसिपोव ने आश्वासन दिया कि रूसी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एक समान बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय छात्रों के लिए कोई विशेष सुरक्षा उपाय नहीं हैं, क्योंकि रूस में सभी निवासियों और विदेशियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल एक जैसे हैं। रूस में भारतीय छात्रों की संख्या के संबंध में ओसिपोव ने अलग-अलग आंकड़ों का जिक्र किया है, जो लगभग 25 से 30 हजार के बीच है।

### पूर्व भारतीय छात्रों की तारीफ

साल 2022 में रूस के आक्रमण के मद्देनजर लगभग 18,000 छात्रों को यूक्रेन से निकाला गया था। ओसिपोव ने कहा कि इस काम में पूर्व भारतीय छात्रों द्वारा भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया था। उनके अनुसार भारतीय छात्रों ने अर्थव्यवस्था, चिकित्सा,शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी जगह बनाई है। खास बात यह है कि रूसी अधिकारी की यह टिप्पणी 11 से 13 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले भारत-रूस शिक्षा शिखर सम्मेलन से पहले आई है।

# फलस्तीन से जुड़े यूएनएचआरसी प्रस्ताव को भारत का समर्थन

## पक्ष में किया मतदान,अमेरिका-पराग्वे का विरोध

UNITED NATIONS HUMAN RIGHTS COUNCIL

**जनेवा,05 अप्रैल 2024।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में भारत ने शुक्रवार को मतदान किया, जिसमें फलस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के लिए अटूट अधिकार की पुष्टि की गई है। जिसमें फलस्तीनी के स्वतंत्र राज्य का अधिकार भी शामिल है।

### मसौदा प्रस्ताव पर भारत ने जताई सहमति

फलस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार पर मसौदा प्रस्ताव जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपनाया गया, जिसमें भारत समेत 42 सदस्य देशों ने पक्ष में मतदान किया। 47-सदस्यीय परिषद में अमेरिका और पराग्वे ही ऐसे दो देश थे, जिन्होंने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, जबकि अल्बानिया, अर्जेंटीना और कैमरून ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

### फलस्तीनी लोगों के अधिकारों की पुष्टि

प्रस्ताव में फलस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के जरूरी, स्थायी और अधिकार की पुष्टि की गई, जिसमें स्वतंत्रता,न्याय और सम्मान के साथ जीने का अधिकार और उनके स्वतंत्र फलस्तीन राज्य का अधिकार शामिल है। इसने संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों समेत अंतरराष्ट्रीय कानून और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मापदंडों के अनुरूप इस्राइल-फलस्तीनी युद्ध के लिए एक उचित, व्यापक और स्थायी शांतिपूर्ण समाधान प्राप्त करने की आवश्यकता की भी पुष्टि की।

### दो राष्ट्र सिद्धांत समाधान को मिला बल

इस प्रस्ताव में इस्राइल से पूर्वी यरुशलम समेत अधिकृत फलस्तीनी क्षेत्र पर अपना कब्जा तुरंत समाप्त करने और फलस्तीनी की राजनीतिक स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए किसी भी बाधा को दूर करने और समाधान करने की अपील की गई है। हालांकि प्रस्ताव फलस्तीनी और इस्राइल के बीच विवाद के समाधान के तौर पर दो राष्ट्र सिद्धांत की पुष्टि करता है।

# ब्रिटेन में डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, जनमत संग्रह में नए वेतन प्रस्ताव पर मुहर




**लंदन,05 अप्रैल 2024।** ब्रिटेन में लगभग एक साल से चली आ रही डॉक्टरों की हड़ताल अब खत्म हो गई है। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन सलाहकार समिति के भारतीय मूल के अध्यक्ष डॉ. विशाल शर्मा ने इस बात की पुष्टि की है। डॉ शर्मा ने कहा कि डॉक्टरों द्वारा सरकार के वेतन प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया और इसी के साथ उन्होंने साल भर की हड़ताल की समाप्ति की पुष्टि की है। बता दें कि ब्रिटेन में सरकारी स्वास्थ्य सेवा में वेतन बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी लंबे समय से हड़ताल पर थे।

### 83 प्रतिशत लोगों ने पक्ष में किया मतदान

डॉ विशाल शर्मा ने कहा कि वेतन को 2008 के स्तर पर बहाल करने के प्रयासों में यह समझौता एक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों के संघ द्वारा तीन सप्ताह का जनमत संग्रह कराया गया। इसमे भाग लेने वाले एनएचएस सलाहकारों में से लगभग 83 प्रतिशत ने प्रस्ताव स्वीकार करने के पक्ष में मतदान किया।

### विवाद को समाप्त करने के लिए पहला कदम

बीएमए सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रस्ताव मौजूदा विवाद को समाप्त करने के लिए पहला कदम है। बीएमए ने कहा कि नए प्रस्ताव में कुछ सुधार किए गए हैं। इसके तहत चार से सात साल के अनुभव वाले डॉक्टरों के वेतन में 2.85 प्रतिशत बढ़ोतरी की बात कही गई है। डॉ. शर्मा के मुताबिक यह अभी पहला कदम है और आगे भी कुछ और फैसले लिए जै सकते हैं।

### सरकार के पिछले प्रस्ताव को किया था अस्वीकार

इस मामले में जनवरी में ब्रिटेन सरकार के पिछले प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया था। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि नए वेतन प्रस्ताव में उन लोगों के लिए 2.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है, जो चार से सात साल तक डॉक्टर होने का अनुभव हैं। सरकार ने कहा था कि कि बीएमए के सदस्य इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए मतदान करें।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में सरकारी कैरियर कोचिंग का लहराया परचम, 40 में से 15 सीट हासिल कर कोचिंग सेंटर बरकरार रहा दबदबा





**- संवाददाता -**
**सीतापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** जवाहर नवोदय विद्यालय समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में शासकीय कैरियर कोचिंग सेंटर का दबदबा कायम रहा। हमेशा की तरह इस बार भी यहाँ के बच्चों ने सफलता के झंडे गाड़ते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु आवंटित 40 सीटों में से 15 पर अपना कब्जा जमाया। इसके अलावा जवाहर उत्कर्ष विद्यालय के 11 सीटों में 5 सीटो के अलावा सैनिक स्कूल के लिए कोचिंग सेंटर के बच्चे चयनित हुए हैं। जिन्हें बीइओ कार्यालय परिसर में अभिभावकों की उपस्थिति में बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने सम्मानित किया गया हैं।

विदित हो कि, स्कूली छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्व कलेक्टर किरण कौशल द्वारा कैरियर कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई थी। जनपद पंचायत परिसर में संचालित यह कोचिंग सेंटर कलेक्टर किरण कौशल के रहते तक बढ़िया चला। उनके जाने के बाद ये कोचिंग सेंटर बंद होने की कगार पर आ गया था। इसी बीच मिथिलेश सिंह सेंगर यहाँ बीइओ बनकर आये और बंद होने की कगार पर जा पहुँचे कैरियर कोचिंग सेंटर को शुरू कराया। जिसके बाद यह सरकारी कोचिंग सेंटर बीइओ के मार्गदर्शन में संचालित होने लगा। विगत चार सालों से संचालित यह कोचिंग सेंटर अल्प सुविधा के बाद भी जिले में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की। अब तक यहाँ से सैकड़ो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर कई बड़े शैक्षणिक संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनकी इस सफलता में बीईओ के अलावा शिक्षक मगलूब आलम उनकी पत्नी तबस्सुम आलम रविशंकर गुप्ता नीरज गुप्ता की कड़ी मेहनत हैं। जो सुबह साढ़े सात से नौ बजे तक कोचिंग सेंटर में समय देने के बाद अपने स्कूलों में भी समय देते है। इनके प्रयासों का नतीजा हैं कि, इस साल भी कोचिंग सेंटर से अदिति सिंह श्रेयसी पैंकरा राज पैंकरा अथर्व गुप्ता ओम कश्यप मनुश्री सुनिधि एक्का सुनिधि मिंज उमा भारती पैंकरा शौर्यम सोनी आदित्य गुप्ता हर्ष बघेल आशुतोष पटेल अनन्या गुप्ता रजत दास जैसे अन्य छात्र चयनित हुए हैं।

इस संबंध में बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने बताया कि मेरी कोशिश यही रहती हैं कि,सभी बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले। यह क्षेत्र पिछड़ा एवं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग नही करा पाते हैं। जिसकी वजह से कई प्रतिभावान बच्चे पिछड़ जाते हैं। इन्ही सब स्थिति परिस्थितियों को देखते हुए इस बंद पड़े निःशुल्क कोचिंग सेंटर को शुरू कराया गया। जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के बच्चों को मिला और वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने लगे। विगत चार सालों में यहाँ से सैकड़ो बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में चयनित होकर बड़े शहरों में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आगे भी कैरियर कोचिंग सेंटर को ये कामयाबी हासिल होती रहे मेरी यही इच्छा हैं।

# सरगुजा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन विश्वास" के तहत् आबकारी एक्ट की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

- अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने के मामले में 04 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार
- थानों के अलग-अलग मामलों में कुल 04 प्रकरणों में करीब साढ़े 12 ली. अवैध महुआ शराब एवं साढे 04 ली.अवैध नशीली मादक द्रव्य ताड़ी किया गया जप्त
- थाना मणीपुर, दरिमा के 03 प्रकरणों में आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत् कार्यवाही
- थाना कोतवाली के 01 प्रकरण में आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(घ) के तहत् कार्यवाही
- सरगुजा पुलिस के द्वारा "ऑपरेशन विश्वास" के तहत् अवैध मादक पदार्थ बिक्री-तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही लगातार रहेगी जारी
- थाना मणीपुर, दरिमा एवं कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की गई सख्त कार्यवाही







**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा पुलिस द्वारा जिले में शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल कायम रखने हेतु ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् आबकारी एक्ट के तहत् ताबड़तोड़ एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिला अन्तर्गत थाना मणीपुर, दरिमा एवं कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध महुआ शराब एवं अवैध मादक द्रव्य पदार्थ ताड़ी बिक्री करने के अलग-अलग मामलों में 04 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है, जिनके कब्जे से कुल साढ़े 12 लीटर अवैध महुआ शराब एवं साढ़े 04 लीटर अवैध नशीली मादक द्रव्य ताड़ी जप्त किया गया है।

आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत् थाना मणीपुर द्वारा आरोपी मुनमुन ठाकूर निवासी अटल आवास बाबूपारा अम्बिकापुर के कब्जे से 04 लीटर अवैध महुआ शराब, आरोपी संदीप लकड़ा निवासी नान दमाली थाना दरिमा के कब्जे से साढ़े 04 लीटर अवैध महुआ शराब एवं आरोपी प्रदीप लकड़ा निवासी नानदमाली थाना दरिमा के कब्जे से अवैध महुआ शराब 04 लीटर जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(घ) के तहत् थाना कोतवाली द्वारा आरोपी गोपाल मजूमदार उम्र 52 वर्ष, निवासी बंगाली चौक के पास अम्बिकापुर के कब्जे से साढ़े 04 लीटर अवैध मादक द्रव्य ताड़ी जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना मणीपुर, दरिमा एवं कोतवाली पुलिस स्टॉफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# इस गांव के घरों की दीवारों में लिख दिया था कि सड़क व बिजली नहीं तो वोट नहीं...भागते पहुंचे अफसर तब गांववालों ने कहा...करेंगे मतदान



**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के जवराही गांव में लोगों ने अपने घरों में लिख दिया कि सड़क और बिजली नहीं तो वोट नहीं... ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार के सार्वजनिक एलान के बाद जिला प्रशासन में खलबली मच गई। अधिकारी दौड़ते भागते हुए जवराही गांव पहुंचे। गांववालों से पेड़ के नीचे बैठकर चर्चा की। गांववालों ने खुलकर अपनी बात रखी। अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। गांववाले भी थोड़ा नरम हुए तब जाकर प्रशासन को राहत मिली।शासकीय अमले द्वारा आश्वासन मिलने पर ग्रामवासियों ने चुनाव बहिष्कार नहीं करने का फैसला लिया।

जवराही गांव के घरों की दीवारों पर वोट बहिष्कार लिख देने की जानकारी जिला मुख्यालय पहुंचते ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जनपद पंचायत बलरामपुर एवं नायब तहसीलदार बलरामपुर संयुक्त रुप से चर्चा हेतु ग्राम जवराही पहुंचे। रामाधार यादव,अवधेश यादव दोनों निवासी ग्राम जवराही एवं अन्य ग्राम वासियों के साथ चौपाल लगाकर ग्राम की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

### जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी फिर भी सुविधाएं नहीं

ग्राम जवराही विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत सेन्दुर का आश्रित ग्राम है तथा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर पहाड़ एवं वनांचल क्षेत्र स्थित है जिसकी जनसंख्या लगभग 150 है। जवराही में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र रामानुजगंज का मतदान केन्द्र क्रमांक-218-जवराही प्राथमिक शाला में स्थित है, जहां 86 मतदाता पंजीकृत हैं। चर्चा के दौरान ग्राम जवराही के निवासियों द्वारा बताया गया कि ग्राम में पहुंच मार्ग और विद्युत की समस्या को लंबे समय से आवेदनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी यह मांग उठाकर निर्वाचन बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था, किन्तु शासकीय अमले द्वारा आश्वासन दिये जाने पर चुनाव बहिष्कार वापस लिया गया एवं मतदान किया गया। निर्वाचन समाप्ति के बाद भी ग्राम वासियों के समस्याओं के संबंध में ठोस पहल न होने के कारण पुनः आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान न करने का विचार किया जा रहा है।

### सुविधा विस्तार के लिए गांव वालों ने दिए सुझाव

ग्रामवासियों ने बताया कि बलरामपुर की ओर वैकल्पिक मार्ग से दूरी 09 किलोमीटर की है, जहां से वर्तमान में ग्रामवासी किसी प्रकार बलरामपुर आना-जाना करते हैं। इसी वैकल्पिक मार्ग में सोनहरा रोड से 05 किलोमीटर जवराही की ओर सड़क की मांग की जा रही है। परन्तु वन परिक्षेत्र एवं वन भूमि के अंतर्गत आने से समस्या का निराकरण नही हो पाने की सूचना प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त ग्राम वासियों ने बिजली की सुविधा भी निराकृत न होना बताया साथ ही ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि ग्राम के प्राईमरी स्कूल में वर्तमान में एक मात्र दिव्यांग शिक्षक की पदस्थापना की गयी है। जिसके कारण शिक्षा व्यवस्था भी सुचारु ढंग से नहीं चल पा रही है। जिला प्रशासन की टीम के द्वारा ग्राम वासियों की समस्यायें सुनी गई तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विभागों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही तेज गति से करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संबंध में ग्राम वासियों को भी विस्तार पूर्वक विभागीय कार्यवाहियों एवं आचार संहिता के बारे में अवगत कराया गया। ग्राम वासी चर्चा उपरांत संतुष्ट हुए। साथ ही कुछ ग्राम वासियों द्वारा अपने आवासों में निर्वाचन बहिष्कार वाले नारे आवेश में आकर लिखना बताया गया जिसे उन्होंने समझाइश के बाद स्वतः मिटा देना स्वीकार किया।

### अब चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

ग्रामवासियों को समझाइश दी गई कि निर्वाचन देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक होती है तथा अपील किये जाने पर ग्राम वासियों ने सहमति दी कि वे आगामी लोकसभा निर्वाचन कार्य का बहिष्कार नहीं करेंगे। इस प्रकार शासकीय अमले द्वारा ग्राम जवराही में ग्राम वासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए निरंतर ग्राम जवराही में उपस्थित होकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की भी योजना बनाई।

# सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों के घोषित प्रत्याशियों को भीतरघात का करना पड़ सकता है सामना...

## भाजपाई भाजपा प्रत्याशी को बता रहे हैं डमी प्रत्याशी...कांग्रेसी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को बता रहे हैं डमी प्रत्याशी

- भाजपा से घोषित प्रत्याशी का भाजपाई इसलिए कर रहे हैं विरोध क्योंकि हाल ही में कांग्रेस छोड़ पार्टी में शामिल हुए हैं घोषित प्रत्याशी
- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होते ही लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के अन्य लोकसभा टिकट के दावेदार हैं नाराज,इसलिए कर रहे हैं विरोध
- कांग्रेस प्रत्याशी हैं युवा चेहरा, विधानसभा में भी प्रेमनगर से थी उनकी दावेदारी,अब लोकसभा में मिली उम्मीदवारी।
- विधानसभा में दावेदारी की की गई थी अनदेखी, सीधे मिला लोकसभा में मौका, अन्य दावेदार पार्टी के हुए नाराज, अब हैं विरोध में।
- कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी के दिवंगत पिता रह चुके हैं कांग्रेस नेता,कांग्रेस शासनकाल में थे मंत्री भी,क्षेत्र में लोकप्रिय थे कांग्रेस प्रत्याशी के दिवंगत पिता
- दिवंगत पिता की लोकप्रियता का मिल सकता है फायदा कांग्रेस पार्टी से घोषित उम्मीदवार को
- भाजपा प्रत्याशी भी कम लोकप्रिय नहीं,पूरे सरगुजा में उनके अनुयायियों की लंबी चौड़ी फौज है मौजूद,जो उन्हे बनाती है मजबूत प्रत्याशी
- भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों में घोषित प्रत्याशी का कर रहे दोनों ही दलों के नेता अंदरूनी विरोध,अब जीत किसकी होगी तय जनता करेगी तय





- ओंकार पांडेय -
सुरजपुर,05 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव में जहां पूरे देश में भाजपा 400 पार के नारे के साथ चुनावी अभियान और प्रचार में जुट चुकी है वहीं लगभग सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम भी तय कर चुकी है जिसमे छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों पर भी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान सबसे पहले कर दिया है और जिसके बाद से ही सभी प्रत्याशी लगातार प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं और अपनी जीत सुनिश्चित करने में वह लगे हुए हैं जिसमें वह पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पार्टी पदाधिकारियों का साथ ही कार्यकर्ताओं का साथ ले रहे हैं जो देखने को मिल रहा है वहीं जिस तरह भाजपा ने प्रदेश में अपने पूरे 11 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर उन्हे प्रचार करने क्षेत्र में भेज दिया है उसी तरह कांग्रेस पार्टी ने भी अपने सभी 11 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं उनके नाम तय कर दिए हैं जो क्षेत्र में अपनी साथ ही पार्टी की जीत के लिए लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं जो देखने को मिल रहा है। दोनों ही प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस में ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रमुख मुकाबला देखने को मिलने वाला है अन्य दल प्रदेश में केवल एक तरह से उपस्थिति ही दर्ज करने मैदान में नजर आयेंगे यदि वह कहीं से चुनावी मैदान में उतरते हैं किसी प्रत्याशी के सहारे।

प्रदेश सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में कांग्रेस से दिवंगत पूर्व मंत्री की पुत्री जो वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं सूरजपुर से को कांग्रेस पार्टी ने मौका दिया है जो काफी युवा प्रत्याशी हैं और जिन्हे बड़ी कम उम्र में ही लोकसभा सीट से टिकट प्रदान पार्टी ने कर दिया है जिसके बाद पार्टी में अंदरखाने बगावत भी शुरू होते देखा जा रहा है और वरिष्ठ कांग्रेसी पार्टी की घोषित प्रत्याशी का अंदरखाने विरोध करते सुनाई दे रहे हैं और उनका मानना है की पार्टी ने एक तरह से भाजपा को वाक ओवर दे दिया है और डमी प्रत्याशी साबित होंगी कांग्रेस प्रत्याशी जिनकी हार भी संभावित है वहीं भाजपा ने हाल ही में पार्टी के शामिल हुए पूर्व कांग्रेस विधायक को टिकट दिया है भाजपा प्रत्याशी को लेकर भी भाजपाइयों का विरोध देखने को मिल रहा है।भाजपा प्रत्याशी का विरोध करने वालों में वह लोग ज्यादा हैं जिन्हे खुद प्रत्याशी बनना था जिन्हे मौका नहीं दिया पार्टी ने।

### क्या यह कर सकते है भाजपा प्रत्याशी का विरोध ?

बताया जा रहा है एक पूर्व मंत्री,एक पूर्व सांसद,एक पूर्व निगम अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता पार्टी प्रत्याशी का विरोध कर सकते हैं और उनके लिए हार का प्रयास कर सकते हैं क्योंकि उन्हे खुद को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने का मलाल है। वैसे भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों में पार्टी प्रत्याशी का अंदरूनी विरोध सुनाई दिखाई देने लगा है लेकिन मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों दलों में होना तय है ऐसे में कौन बाजी मारेगा चुनाव में यह देखने वाली बात होगी,वैसे क्षेत्रीय दल भी प्रत्याशी मैदान में उतार रही है और वह कितना मुकाबला कर पाती है यह भी इस बार देखने को वाली बात होगी क्योंकि विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय पार्टी के प्रत्याशियों का प्रचार अभियान जिस कदर मजबूत नजर आ रहा था वैसा परिणाम उनके पक्ष के समाने नहीं आया।

### कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से टिकट की थीं प्रबल दावेदार,तब टिकट न देकर सीधे लोकसभा में प्रत्याशी बनाना कहीं उनकी राजनीति समाप्त करने का प्रयास तो नहीं ?

सरगुजा लोसकभा सीट से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा चुनाव में प्रेमनगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनने प्रबल दावेदार थीं और माना जा रहा था की यदि उन्हे टिकट मिलता वह जीत भी दर्ज कर ले जाती क्योंकि उनका प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र में काफी जनाधार माना जाता है लेकिन तब उन्हे टिकट नहीं दिया गया पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाया गया अब उन्हे लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद यह भी कयास लगाए जा रहे हैं की एक विधानसभा स्तर तक ही लोकप्रिय युवा महिला प्रत्याशी को कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा सीट वह भी सरगुजा लोकसभा जैसे बड़े लोकसभा सीट से प्रत्याशी इसलिए तो कहीं प्रत्याशी नहीं बनाया की उनका राजनीति ही समाप्त की जा सके जिससे बाद में वह कभी विधानसभा सीट से भी दावेदारी करने की स्थिति में न रहें। माना जा रहा है की कांग्रेस पार्टी के बड़े रणनीतिकार का यह पूरा दिमाग है जिससे भविष्य में प्रेमनगर विधानसभा सीट से उनके मनपसंद दावेदार को पार्टी से टिकट मिल सके। वैसे रणनीतिकार की यह भी रणनीति है जैसा बताया जा रहा है की यदि लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित भी हो जाती है तो भी उनकी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ने वाला क्योंकि तब प्रेमनगर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी से प्रबल दावेदार वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी लोकसभा पहुंच चुकी होगीं वहीं हार की स्थिति में उनका जनाधार कम बताकर उन्हे किनारे लगा दिया जायेगा।

### कांग्रेस प्रत्याशी के पास उनके पिता की पहचान है तो वहीं भाजपा प्रत्याशी के पास उनके अनुयाई

सरगुजा से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी के पास उनके दिवंगत पिता की पहचान है जो कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता माने जाते थे वहीं जो कांग्रेस की सरकार में मंत्री भी थे। भाजपा प्रत्याशी ऐसे परिवार से हैं जिस परिवार का एक धार्मिक अनुयाई समूह है जो सरगुजा में बड़ी तादाद में है जिसके कारण उनकी लोकप्रियता भी कम नहीं है। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में आदिवासी आबादी की बाहुल्यता है और यह लोकसभा सीट भी आदिवासी समाज के लिए ही आरक्षित है ऐसे में प्रत्याशी भी सभी दलों से आदिवासी समाज से ही मैदान में होंगे। कांग्रेस ने आदिवासी समाज में ही अलग जाति से आने वाली महिला को प्रत्याशी बनाया है वहीं भाजपा ने अलग जाति के आदिवासी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है,कुल मिलाकर अलग अलग जातियों से उम्मीदवार हैं और सभी की जनसंख्या भी अच्छी खासी है। अब ऐसे में कौन बाजी मारने वाला है यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे भाजपा प्रत्याशी के साथ एक बात उनके पक्ष में नजर आती है और वह यह है की उनके लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी विधानसभा में भाजपा विधायक ही जीत दर्ज कर विधायक हैं वहीं उनके लोकसभा क्षेत्र में ही दो दो मंत्री भी मौजूद हैं जो उन्हे जीत दर्ज कराने में मदद करने वाले हैं। कुल मिलाकर भाजपा प्रत्याशी का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

### प्रेमनगर विधानसभा सीट से विधायक प्रत्याशी क्यों नहीं चुना गया था सरगुजा से घोषित कांग्रेस पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी को ?

प्रेमनगर विधानसभा सीट से इस बार के विधानसभा चुनाव में जिसके भी जबान से कांग्रेस प्रत्याशी और उसके जीत हार की बात सुनी जाती थी एक ही बात सुनाई देती थी और वह यह होती थी की तत्कालीन विधायक का कार्यकाल जनता के लिए निराशाजनक था और जनता उन्हे छोड़ पार्टी से किसी को भी स्वीकार कर लेगी जनता से ज्यादा विरोध पार्टी के ही लोगों में था उनका और पार्टी का कोई एक भी सदस्य तत्कालीन विधायक का समर्थन नहीं करना चाहता था और तब जिला पंचायत सदस्य साथ ही वर्तमान में लोकसभा प्रत्याशी बनाई गई महिला प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में प्रबल दावेदार माना जाता था लेकिन उन्हे पार्टी ने टिकट न देकर तत्कालीन विधायक को ही टिकट दे दिया और जिसका परिणाम भी चुनाव पूर्व की अपेक्षा अनुरूप ही आया और वह चुनाव हार गए। तब चुनाव जीत सके ऐसे प्रत्याशी के रूप में पार्टी के पास मौजूद वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी को टिकट क्यों नहीं दिया गया यह बड़ा सवाल है। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं चुने जाने को लेकर यह भी माना जाता था की यह भी कांग्रेस के उसी बड़े रणनीतिकार की रणनीति थी और उन्हे विश्वास था की उनके द्वारा चयनित प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है जो नहीं हुई।

### भाजपा कांग्रेस दोनों में गुटबाजी जारी, प्रत्याशी को लेकर आम सहमति का अभाव दोनो ही दलों में


भाजपा कांग्रेस दोनों ही दलों में गुटबाजी जारी है,दोनों ही दलों में यह देखने को मिल रहा है की घोषित लोकसभा प्रत्याशी को लेकर विरोध है। अंदरखाने ही सही विरोध के कारण दोनो ही दलों के प्रत्याशियों को काफी दिक्कतें आने वाली हैं। प्रत्याशी को लेकर आम सहमति दोनो दलों के नेताओं में नजर नहीं आ रहा है। दोनों ही दलों में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की संख्या नजर आ रही है जो बड़े नेताओ के इशारे पर ऐसा कर रहे हैं। अब दोनों दलों के प्रत्याशियों को अपनी अपनी जीत के लिए खुद से काफी मेहनत करने की जरूरत है। अब किस पार्टी का भीतरघात किस प्रत्याशी के लिए नुकसानदायक साबित होने वाला है किसके लिए फायदेमंद यह भी देखने वाली बात होगी,दोनो ही दलों ने कुछ लोग दूसरे दल के प्रत्याशी की मदद करेंगे यह तय माना जा रहा है।

# क्या आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे एसईसीएल अधिकारी टेंडर में कर रहे हैं अनियमितता ?




- क्या 11 वर्ष से एक ही एरिया में पदस्थापना मुख्य वजह ?
- एसईसीएल हसदेव एरिया का मामला...विजिलेंस की गाईडलाईन का हो रहा उल्लंघन





- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़,05 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

एसईसीएल का हसदेव एरिया इन दिनों सुर्खियों में हैं कारण कि यहाँ ख़रीदी प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार कर टेंडर में अनियमितता कर रहे हैं। आये दिन नियमो को दरकिनार कर मनमानी करने में उतारू है।

हसदेव एरिया में कुरजा उपक्षेत्र में पदस्थ उपक्षेत्रीय अभियंता मोहनीश टण्डन और बिजुरी उपक्षेत्रीय अभियंता नरेश मिथाथारा जो कि विगत 11 वर्षों से हसदेव एरिया में पदस्थ हैं इनके द्वारा जेएम पोर्टल टेंडर भी भ्रष्टाचार से अछूता नही हैं। जेएम पोर्टल टेंडर कम्प्लीट करने में दो साल लग जा रहे हैं जबकि ऑफलाइन जब टेंडर होते थे,तब भी इतने टाईम नही लगते थे। इस संबंध में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के सप्लायर्स बताते हैं कि हसदेव क्षेत्र में ये आम बात हैं कि टेंडर ओपनिंग के बाद कम से कम एक- दो साल तक फाईल ये दोनो इंजीनियर दबाए रहते हैं ताकि एल-1 पार्टी उनसे संपर्क करे और वे मनमाना कमीशन ले सके। जब तक कि एल-1 पार्टी इन्हें इनके इच्छानुसार कमीशन नही देती तब तक उन्हें सप्लाई आर्डर नही मिलता,भले ही वे एल-1 बिडर्स हो।

टेंडर किये एक साल से अधिक,पर आज तक प्रक्रिया नही बढ़ी- एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में जेएम पोर्टल के माध्यम से बिड नम्बर-जीईएम/2023/बी/3197340 एवं बिड नम्बर- जीईएम /2023/बी/3197313 दिनाँक 27 फरवरी 2023 को निकाला गया जिसकी टेंडर ओपनिंग डेट 10 मार्च 2023 थी। आज दिनाँक तक इन टेंडरों को नही खोला गया ,जबकि उसी समय के एक अन्य बिड GEM/2023/B/3197276दिनाँक 27/02/2023 अंतिम तिथि 10 मार्च 2023 को कम्प्लीट कर लिया गया ।जबकि नियम हैं कि टेंडर को संवेदशील विषय माना जाता हैं इतने महीनों तक पेंडिंग नही रखा जाता हैं।

एल-1 होने के एक साल बाद भी पार्टी को वर्कआर्डर नही- टेंडर में मनमानी का आलम यह हैं कि मेटेरियल ख़रीदी के बिड नम्बर GEM/2023/B/3159013 टेंडर में चिरमिरी की एक पार्टी साक्षी ट्रेडिंग कम्पनी के एल-1 हुए एक साल से भी अधिक समय बीत गए,लेकिन पार्टी द्वारा कमीशन नही मिलने के कारण आज तक सप्लाई आर्डर जारी नही किये जो घोर आर्थिक अनियमितता को दर्शाता हैं।

### एक ही एरिया में 11 साल से पोस्टिंग भ्रष्टाचार की वजह

हसदेव एरिया के सप्लायर्स नाम न छापने की शर्त पर हमारे प्रतिनिधि को बताते हैं कि मोहनीश टन्डन 11 साल से हसदेव एरिया में पोस्टेड हैं और बीते 2 साल से कुरजा सब एरिया इंजीनियर के साथ साथ मेटेरियल मैनेजर, वर्कशॉप इंचार्ज,एरिया सेकंड मेन की भूमिका निभा रहे हैं जबकि टन्डन से वरिष्ठ ई-7 रैंक के वरिष्ठ अधिकारी रजनीश लाखेरा हैं लेकिन सप्लायरों से वसूल कर मोटी कमीशन अपने उच्चाधिकारियों को देने के कारण इन्हें विशेष कृपा प्राप्त हैं। यथास्थिति नरेश मिथाथरा की है जो 11 साल से हसदेव एरिया में जमा हुआ हैं।

### क्या कहता हैं विजिलेंस गाइड लाइन?

जानकार बताते हैं कि विजिलेंस की गाईडलाईन के मुताबिक मेटेरियल ख़रीदी प्रक्रिया को कम्पनी एक गम्भीर संवेदनशील प्रक्रिया मानती है और इसमें शामिल अधिकारी तो 3 साल से अधिक समय एक ही जगह में नही रह सकते पर हसदेव एरिया में कीर्तिमान बनाने में अधिकारी लगे हुए हैं,और विजिलेंस खानापूर्ति में लगा हुआ हैं।

# सरगुजा पुलिस द्वारा एमव्ही एक्ट की कार्यवाही जारी

- जिले अन्तर्गत थाना/चौकी एवं यातायात थाना द्वारा माह मार्च 2024 की कार्यवाही
- एमव्ही एक्ट के तहत् माह मार्च में कुल 3450 प्रकरणों में 2004750/- रूपये समन शुल्क वसूल
- तीन सवारी वाहन चालन पर कुल 616 प्रकरणों में 308000/-रूपये समन शुल्क वसूल
- मोबाईल फोन का उपयोग कर वाहन चालन पर कुल 1105 प्रकरणों में 331500/- रूपये समन शुल्क वसूल
- रेड सिग्नल जम्प/खतरनाक तरीके से वाहन चालन पर कुल 288 प्रकरणों में 86400/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर कुल 76 प्रकरणों में 38850/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- ब्लैक फिल्म का प्रयोग वाहन चालन पर कुल 26 प्रकरणों में 52000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- बिना हेल्मेट वाहन चालन पर कुल 39 प्रकरणों में 19500/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- बिना सीट बेल्ट के वाहन चालन पर कुल 80 प्रकरणों में 40000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- शराब सेवन कर वाहन चालन पर कुल 03 प्रकरणों में 31000/- रूपये समन शुल्क किया गया वसूल
- अन्य धाराओं के तहत् कुल 1126 प्रकरणों में 914500/- रूपये का समन शुल्क किया गया वसूल
- लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन 91 प्रकरण 183000 समन शुल्क किया गया वसूल
- जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात थाना द्वारा की गई सख्त कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन एमव्ही एक्ट की कार्यवाही जारी है, यातायात नियमों का पालन न करने कारण विभिन्न प्रकार के सड़क दुर्घटनाऐं होती रहती है, इससे जान-माल की क्षति भी होती है। एवं सड़क के माध्यम से कई आपराधिक गतिविधि होते रहती है। इसके अलावा शहर में अवैध रूप से पार्किंग के कारण आवागमन बाधित होती है। इससे यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ-साथ आमजनों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी दृष्टिगत पुलिस द्वारा खास तौर पर तीन सवारी वाहन चालन, मोबाईल का प्रयोग करते हुए वाहन चालन, लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन, ब्लैक फिल्म का प्रयोग, अवैध (बेतरतीब) रूप से वाहन पार्किंग इत्यादि वाहन चालकों पर सख्त एवं प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। जिससे सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के साथ आपराधिक गतिविधि पर रोकथाम की जा सके।

यातायात पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् विगत 03-04 अप्रैल को रेड सिग्नल जम्प/खतरनाक ढंग से वाहन चालन पर 05 प्रकरण में 10000/- रूपये समन शुल्क, प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश पर 04 प्रकरण में 8000/- रूपये समन शुल्क, अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर 02 प्रकरण में 800/- रूपये, आदेश का अवहेलना करने पर 01 प्रकरण में 500/- रूपये समन शुल्क एवं विभिन्न धाराओं के तहत् 160 प्रकरण में 115300/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। विगत दो दिवस में यातायात पुलिस द्वारा कुल 172 प्रकरणों में 134600/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है।

सरगुजा पुलिस आमजनों से अपील करती है, कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पुलिस का भरपूर सहयोग करें। एवं यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं राहगीरों को सुरक्षित रखें।

# कांग्रेस की सांसद ज्योत्सना महंत अगर भ्रष्ट नहीं थी तो डीएमएफ की बैठक में आवाज क्यों नहीं उठाई : उद्योग मंत्री देवांगन

– संवाददाता –
**कोरबा,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सीएसईबी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कोरबा लोकसभा के कोरबा विधानसभा में कार्यकर्त्ता स्तरीय सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय,उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हुंकार भरी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा की कोरबा विधानसभा के एक-एक कार्यकर्ता ने जिस तरह विधानसभा में जीतोड़ मेहनत कर कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं को सबक सिखाया उसी तरह इस बार लोकसभा चुनाव में ही कांग्रेस की लापता और भ्रष्ट सांसद को बताने का समय आ गया है की कोरबा की मातृभूमि अब भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेकेगी। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कांग्रेस के नेता हर चुनाव में जनता के बीच सिर्फ झूठ लेकर जाते हैं। पिछली बार इसी झूठ से चुनाव जीत गए थे, जीतने



के बाद घोटाला करने के लिए नए नए तरीके लाते हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा की बीते पांच साल में कोरबा के लोगों ने खुद देखा है की किस तरह भ्रष्टाचार किया गया था। पहले उनके पति और अब ज्योत्सना महंत सांसद है। अगर सांसद घोटाले में नहीं थी तो डीएमएफ की बैठक में क्यों आवाज नही उठाई उन्हे तो बैठक से ही चले जाना था। उनका ध्यान तो सिर्फ रिश्वतखोरी में ही था। आप जैसे ऊर्जावान कार्यकताओं ने जनबल और धनबल की लड़ाई में घर घर जाकर जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मै एक एक कार्यकर्ता से अहवान करता हूं की ,जी तोड़ मेहनत कर मोदी सरकार की योजना को घर घर जाकर बताए और सरोज दीदी को जिताएं। सम्मेलन में बैकुंठपुर के विधायक भईयालाल राजवाड़े, कोरबा के सगठन प्रभारी गोपाल साहू, सहसंयोजक मनोज शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह,पूर्व महापौर जोगेश लांबा,गोपाल मोदी,जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी,अशोक चावलानी,युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित अधिक संख्या में वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।




## छात्र-छात्राओं ने रंगोली से विविध आकृति बनाकर अनिवार्य मतदान का दिया संदेश

– संवाददाता –
**कोरबा,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ मतदाता जागरूकता लाओ कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से विविध आकृति बनाकर मतदान प्रथम कर्तव्य, 07 मई को मतदान अवश्य करने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश भाव चित्रित किया। कार्यक्रम में एम.ए. तथा एम. कॉम. के छात्र-छात्राओं निकिता कुर्रे, निशा दिवाकर, हेमलता, साधना, वैशाली, नीता, रमादेवी, प्रियंका कुर्रे, सुनिता पटेल, अरविन्द लहरे, इंद्र सिंह वाकरे, हेमपुष्पा कंवर, रामकुमार खुंटे एवं सोनिया सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।





# प्रतापपुर क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने ग्राम पंचायत बरोल, पहिया, डूमरकोली,मानी,लोल की, सरहरी में पहुंच कर लोगों से की भेंट मुलाकात

– संवाददाता –
**प्रतापपुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने ग्राम पंचायत बरोल, पहिया ,डूमरकोली ,मानी , लोल की, सरहरी, में पहुंच कर लोगों से भेंट मुलाकात करते हुए समस्या से अवगत हुई, क्षेत्रीय लोगों ने क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए, तथा जोरदार पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत अभिनंदन किया। क्षेत्र के दौर में निकली शकुंतला सिंह पोर्ते में लोगों से रूबरू होते हुए लोगों के समस्या के बारे में जाना लोगों ने बिजली, सड़क, पानी सहित, नाली निर्माण सहित कई विकास कार्यों का मांग किया जिस पर विधायक शकुंतला सिंह ने तत्काल रूप से लोगों के बीच समस्या सुनकर जल्द से जल्द बिजली के व्यवस्था दुरुस्त करने को अधिकारियों को फोन किया, तथा संबंधित सभी कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्य को जल्द करने की बात कहें अपने उद्बोधन में शकुंतला सिंह ने कहा कि आप लोगों ने मुझे चुनकर विधानसभा में बैठाया है मैं आप लोगों के समस्या के लिए हमेशा निष्ठा और आप लोगों के लिए हमेशा खड़ी रहूंगी उक्त उद्बोधन के साथ में जोरदार तालिया से अभिनंदन किया गया और सभी पंचायत के लोग अपने क्षेत्रीय विधायक को अपने बीच पाकर गदगद हो गए। जहां स्थानीय लोगों ने स्वागत किया वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने भी पुष्प वर्षा कर विधायक का स्वागत किए इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, प्रफुल्ल गुप्ता,युवा भाजपा नेता अंकुर जायसवाल,विनोद जायसवाल,वासु देव मांझी,विक्रम नामदेव,विक्रम प्रताप सिंह,आकाश मित्तल,विश्वजीत सोनी,विजेंद्र कश्यप, जुल्फिकार कादरी, विश्वजीत सोनी,सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन सहित सरपंच ग्राम पंच उपस्थित थे।

# रक्षित केंद्र कोरबा परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल परेड का किया गया रिहर्सल



– संवाददाता –
**कोरबा,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में परेड ग्राउंड रक्षित केंद्र कोरबा में आगामी लोक सभा चुनाव और क़ानून व्यवस्था को देखते हुए बलवा ड्रिल परेड का रिहर्सल कराया गया। इस रिहर्सल में करीब 180 पुलिसकर्मी बलवा ड्रिल में शामिल हुए। इसमें अश्रु गैस, वज्र वाहन, केन पार्टी, लाठी पार्टी,आर्म्स पार्टी,बलवा पार्टी, वरुण (वाटर कैनन दस्ता), एंबुलेंस पार्टी सम्मिलित हुए। अभ्यास में पुलिस की एक पार्टी दंगाई और दूसरी पार्टी बलवा ड्रिल की किट पहनकर इन्हें रोक रही थी। जैसे ही दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने पथराव और उपद्रव शुरू किया तो पुलिसकर्मियों ने पहले बैरीकेड से इन्हें रोका। जब अनियंत्रित हो गए तो आंसू गैस के गोले छोड़े। फिर कैन, लाठी और राइफल पार्टी के माध्यम से ड्रिल पूर्ण किया गया।

इस ड्रिल अभ्यास के दौरान सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी/पु.सके के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रिल अभ्यास का उद्देश्य पुलिस को बेहतर रूप से विकट परिस्थिति से निपटने के संबंध में बताया गया।

# जिले का नक्शा बना कैंडल प्रज्जवलित कर मतदाताओं को किया गया जागरूक



– संवाददाता –
**मनेंद्रगढ़,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगद दिवस ग्राम पंचायत बेलबहरा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्रामीणों के द्वारा मनेद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का नक्शा तैयार कैंडल प्रज्वलित कर शतप्रतिशत मतदान हेतु नए मतदाताओं,दिव्यांगजनो एवं वयोबृद्धो से आगामी लोकसभा निर्वाचन 7 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने हेतु अपील की गई।

इसके साथ ही यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता यदि अपने मतदान का उपयोग बिना प्रलोभन, भय या धर्म वंश जाति से मुक्त होकर निर्वाचन महापर्व को हर्षोल्लास से मनाएंगे,अंत में उपस्थित मतदाताओं ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत करने और कराने एमसीबी में नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु शपथ लें। कैंडल प्रज्वलित करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता की सहभागिता जिस प्रकार एमसीबी के नक्शे में प्रकाश मान हुआ है ठीक इसी प्रकार प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश जैन,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक सिमेंद्र सिंह, कलस्टर समन्वयक प्रभा प्यासी, सचिव भूपेन्द्र सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा ,छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक मोटरसाइकिल सहित तेज रफ्तार ट्रैकों पर पुलिस ने कसना शुरू किया शिकंजा





– संवाददाता –
**प्रतापपुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह दलबल सहित लगातार प्रतापपुर क्षेत्र में घटना दुर्घटना को देखते हुए लोगों के शिकायत के बाद में प्रतापपुर पुलिस ने लगातार तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक मोटरसाइकिल सहित तेज रफ्तार ट्रैकों पर शिकंजा पुलिस ने कसना शुरू कर दिया है तथा पुलिस द्वारा तेज वहां ना चलने सहित मंडी में ले जाने वाले पिकअप वाहनों पर शिकंजा करते हुए चालानी कार्यवाही प्रारंभ कर दिए हैं व तेज रफ्तार वाहन भागकर ले जाने पर समझाइए के साथ में सख्त हिदायत भी दी गई है आचार संहिता सहित जांच करवाई निरंतर जारी है। तथा वाहनों में लगे हुए एक्स्ट्रा लाइट जो एक्सीडेंट का कारण बनते हैं पुलिस के द्वारा उसको भी निकलवाया गया जिसके लाइट के वजह से वाहनों में दुर्घटना सहित जान माल की हानि हो रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि 6 तेज रफ्तार वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई है। तथा निरंतर इस तरह की कार्यवाही प्रारंभ रहेगी।



## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न होटलों पर मुख्यतः दूध एवं उनसे बने खाद्य पदार्थो की गई जांच

– संवाददाता –
**सुरजपुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न होटलों पर मुख्यतः दूध एवं उनसे बने खाद्य पदार्थो की जांच की गई मिल्क एनालाइजर के द्वारा दूध की गुणवत्ता की जांच प्रारंभ किया गया , जिसमे मुनु होटल से 42 परसेंट पानी , जलतरंग में 6 परसेंट संदीप होटल से 34 परसेंट पानी दूध में पाया गया साथ मे रोड में चलने वाले दूधवालों की भी जांच की गई जिसमें दूधवाला विनोद यादव के दूध में 46 परसेंट पानी पाया गया सर अंत मे एकांत स्वीट्स सतपता का निरीक्षण किया गया सभी जो भी होटल में पानी की मात्रा दूध में पाई गई है उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

# आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाए जाने शांति समिति की बैठक संपन्न

## उल्लास और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाते हुए आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए - कलेक्टर

» **त्योहारों पर पार्किंग, यातायात सहित अन्य व्यवस्था की होगी बेहतर कार्ययोजना, अनुशासन का रखें ध्यानःएसपी**

– संवाददाता –
**अम्बिकापुर,05 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर विलास भोस्कर एवं एसपी विजय अग्रवाल की उपस्थिति में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि आगामी समय में लगातार विभिन्न त्योहार आ रहे हैं। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता भी लागू है। जिले में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला शांति और भाईचारे की मिसाल है। इसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आगामी समय में नवरात्र पर्व, ईद उल फितर, रामनवमी आदि पर्व हैं। इस दौरान विद्युत, पानी, यातायात की समस्त व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा की जायेंगी। साथ ही सरगुजा वासी होने के नाते हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करना होगा।



पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले में त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में शहर में त्योहारों के दौरान लगाए जाने वाले बैनर पोस्टर पर कहा कि त्योहार बीत जाने के बाद इस तरह बैनर पोस्टर निकाल लिए जाएं जिससे किसी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि जिले में बीते दिनों हुई गंभीर घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए गंभीर चिंतन जरूरी है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि अनुशासन और नियंत्रण बनाए रखने लोगों को हिदायत दें जिससे जिले की शांति भंग ना हो। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के साथ विभिन्न समाज के स्वयंसेवकों की भी मदद ली जाएगी। साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पार्किंग, यातायात की व्यवस्था के लिए भी स्थल निरीक्षण कर बेहतर कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। समिति के सदस्यों द्वारा नवरात्र पर्व पर महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक आवाजाही पर पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में भी व्यवस्था बनाने, पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाने जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो, ईदगाह में विद्युत और पानी की व्यवस्था, शहर में बेहतर यातायात, नवरात्र के दौरान खुले में मांस विक्रय पर नियंत्रण, सघन रात्रि पेट्रोलिंग सहित विभिन्न सुझाव रखे गए जिस पर कलेक्टर एवं एसपी ने यथासंभव अमल किए जाने की बात कही। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक सहित समिति के सभी सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की दिनांक 01.04.2024 से हमारी फर्म "M/s Mahadev Cold Storage" का रजिस्टर्ड ऑफिस रामानुजगंज रोड, असोला, अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ. ग.) से बदल कर रामानुजगंज रोड, ग्राम देवगढ़ (असोला), अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ. ग.) हो गया है ।

सूचनार्थ
पार्टनर्स

# भारतीय हॉकी टीम उम्दा प्रदर्शन के लिए तैयार

## पेरिस ओलंपिक से पहले आस्ट्रेलिया की चुनौती के लिये तैयार भारतीय हॉकी टीम




**पर्थ,05 अप्रैल 2024।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिये शनिवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।'' उन्होंने कहा ,'' हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके आस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।'' भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रूप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिये दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा ,'' हम इस चुनौती के लिये तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।'' भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक 43 मैच हुए हैं जिनमें से 28 आस्ट्रेलिया ने और आठ भारत ने जीते जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

## सेंथिलकुमार आठवीं वरीयता प्राप्त पार्कर को हराकर जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**हैम्बर्ग,05 अप्रैल 2024।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत के साथ जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। 2023 एशियाई व्यक्तिगत रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार ने 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के पीएसए वर्ल्ड टूर कांस्य इवेंट में दूसरे दौर में उच्च रैंकिंग वाले अंग्रेज पर 61 मिनट में 3-1 (11-5, 11-8, 9-11, 11-9) से प्रभावशाली जीत दर्ज की।पीएसए टूर वेबसाइट के अनुसार, सेंथिलकुमार ने अच्छी फॉर्म में मैच की शुरुआत की और बढ़त बना ली, अंग्रेज खिलाड़ी को भारतीय की गति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा और सेंथिलकुमार ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया। पार्कर दूसरे में करीब आ गया, हर बिंदु पर संघर्ष करते हुए, और कुछ पिन-पॉइंट सटीक ड्रॉप बनाए, लेकिन यह भारतीय ही था जिसने पहले दो



गेमों में निरंतरता बनाए रखते हुए दो गेम की बढ़त ले ली। पार्कर ने तीसरे गेम के लिए कोर्ट पर ध्यान केंद्रित किया, और अपनी गुणवत्ता दिखाते हुए भारतीय को खेल के एक और करीबी चरण में धकेल दिया और तीसरा गेम जीत लिया। अंत में सेंथिलकुमार ने धैर्य बनाए रखा और अपनी 2-1 की बढ़त को जीत में बदल दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना नंबर 4 वरीयता प्राप्त इयान योव एनजी से होगा।

# विराट कोहली पर है भारी दबाव

**ब्रिसबेन,05 अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिये। कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिये चार मैचों में 67 . 66 की औसत से 203 रन बनाये हैं जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक हैं जो बस 90 रन बना सके हैं।




कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद आरसीबी ने चार में से तीन मैच गंवाये हैं और अंकतालिका में सातवें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला खामोश ही रहा है। स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम के सदस्य स्मिथ ने चैनल के स्टूडियो पर पीटीआई से बातचीत में कहा ,'' दूसरे प्रमुख बल्लेबाजों को उसका साथ देना चाहिये। ऐसा करने पर वे टीम को जीत की राह पर ला सकते हैं। इस समय सारा दबाव विराट पर ही है।''

उन्होंने कहा ,'' शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को उसकी मदद करनी चाहिये। उसने शुरूआत बहुत अच्छी की है लेकिन उसे सहयोग की जरूरत है। वह अकेला ही हर मैच में रन नहीं बना सकता। '' स्मिथ ने धीमी स्ट्राइक रेट को लेकर कोहली की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि दुनिया का कोई खिलाड़ी हालात को कोहली से बेहतर नहीं समझ सकता। उन्होंने कहा ,'' कोहली शानदार खिलाड़ी है। वह हालात को बखूबी समझकर उसके अनुरूप खेलता है और इस मामले में दुनिया में उसका कोई सानी नहीं है।''

रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद दर्शकों का आक्रोश झेल रहे हार्दिक पंड्या के मामले में उन्होंने कहा कि दर्शकों को अतीत में जीना छोड़ना चाहिये। उन्होंने कहा ,'' यह दुर्भाग्यपूर्ण है। दर्शकों को हार्दिक का साथ देना चाहिये लेकिन रोहित के प्रशंसक अपार हैं। वे नाराज हैं कि वह कप्तान क्यो नहीं है। लेकिन अब उसे भुलाकर हार्दिक का साथ देना होगा। वह गुजरात टाइटंस का सफल कप्तान रहा है और अब मुंबई में लौटा है। सीनियर खिलाड़ियों को उसकी मदद करनी चाहिये।''

छह साल पहले केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़खनी मामले को लेकर प्रतिबंध झेल चुके स्मिथ ने कहा ,'' इतनी नकारात्मकता के बीच उसे इससे निपटने के रास्ते तलाशने होंगे। मुंबई जीत की राह पर लौटेगी तो सब ठीक हो जायेगा।

# हॉकी इंडिया के कारण मैं अपने परिवार की मदद कर सकती हूं:सलीमा

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे ने रविवार को हॉकी इंडिया छठे वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार जीता। सलीमा, जो पिछले साल बड़ी होकर टीम का एक अभिन्न हिस्सा बन गई, को पूरे साल उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पहचाना गया। 23 वर्षीय खिलाड़ी भारत की कांस्य पदक विजेता एशियाई खेल हांग्जो 2022 टीम का भी हिस्सा थे और उन्होंने टूर्नामेंट में 1 गोल किया था।

सलीमा ने रांची में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भी पांच गोल किए, जिससे भारत को ट्रॉफी जीतने में मदद मिली, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा, मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा होगी। पुरस्कार ने मुझमें



और भी बेहतर प्रदर्शन करने की इच्छा पैदा की है। मेरी योजना है कि मैं प्रशिक्षण शिविर में एक मिनट भी नहीं चूकूंगा और हर सत्र में अपना 100 प्रतिशत दूंगा। मुझे पता है कि मैंने पुरस्कार जीता है, लेकिन अब यह मेरे लिए जिम्मेदारी भी है कि मैं इस सम्मान पर खरा उतरूं और आगे भी बढ़ूं और सुधार करूं, सलीमा ने कहा।

सलीमा ने आगे कहा कि ये पुरस्कार युवाओं को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं और नई पीढ़ी को हॉकी के खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। जब युवा देखते हैं कि खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए पहचाना जा रहा है, तो वे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। खिलाड़ियों को एहसास है कि राष्ट्रीय संस्था वास्तव में हमारा समर्थन कर रही है और हम हर समय यही चाहते हैं। यह युवा पीढ़ी को हॉकी इंडिया द्वारा प्रदान किए जा रहे समर्थन के स्तर को देखकर हॉकी को एक खेल के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है और वे भी इसी तरह के लक्ष्यों की दिशा में काम करने का प्रयास करते हैं,सलीमा ने हस्ताक्षर किए।

# आईपीएल में खराब प्रदर्शन के बीच मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार यादव का बड़ा बढ़ावा मिला

**नई दिल्ली,05 अप्रैल 2024।** संघर्षरत मुंबई इंडियंस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन, दुनिया के नंबर एक टी 20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लंबी चोट के बाद शुक्रवार को टीम के साथ प्रशिक्षण लिया और बिना किसी असुविधा के अपने ट्रेडमार्क शॉट्स लगाए, जिससे उम्मीद जगी कि वह टीम के अगले मुकाबले में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच. पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस अब तक अपने सभी तीन मैच हारकर 10 टीमों की तालिका में सबसे नीचे है और अगर सूर्यकुमार खेलते हैं, तो हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम को उम्मीद होगी कि उनकी मौजूदगी से उन्हें अपेक्षित बदलाव में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही एक्शन से बाहर हैं। स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के लिए उनकी सर्जरी हुई थी और वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी।

## ओलंपिक पूल के उद्घाटन के दौरान मैक्रॉन के सामने फ्रांसीसी गोताखोर फिसल गया




**पेरिस,05 अप्रैल 2024।** एक फ्र ांसीसी अंतरराष्ट्रीय गोताखोर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के सामने एक शर्मनाक दुर्घटना का मजाक उड़ाया, जिसमें उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए जलीय विज्ञान केंद्र के उद्घाटन के दौरान डाइविंग बोर्ड पर गिरकर पानी में दुर्घटनाग्रस्त होते देखा गया था।दो बार के विश्व चैंपियनशिप के मामूली पदक विजेता एलेक्सिस जांडार्ड ने एक कोने में चुपचाप पीछे हटने के बजाय अपने दुर्भाग्य का मज़ाक उड़ाने के लिए सोशल मीडिया पर व्यापक प्रशंसा हासिल की है।

समारोह के दौरान दो अन्य गोताखोरों के साथ 3 मीटर बोर्ड पर सिंक्रोनाइज्ड रूटीन का प्रदर्शन कर रहे जांडार्ड ने कूदते समय अपना पैर खो दिया, दर्द के साथ अपनी पीठ और तलवे पर बोर्ड पर गिरे और फिर पानी में गिर गए। मैं वास्तव में ठीक हूं! यह सतही है, हालांकि तस्वीरों में यह प्रभावशाली लग रहा है, जेंडर ने जागने के बाद बीएफएमटीवी को बताया कि गुरुवार की दुर्घटना रातोंरात एक वायरल मीम बन गई है। गिरना हास्यास्पद था...यह खेल का हिस्सा है। अगर मैं गिरावट को देखूं तो यह हास्यास्पद है। यह कुछ ऐसा है जो हमारे साथ गोताखोरी में होता है - नियमित रूप से नहीं लेकिन यह आश्चर्य की बात नहीं है। यह कभी-कभी प्रशिक्षण में, प्रतियोगिता में होता है। लेकिन पूल के उद्घाटन के दौरान यह राष्ट्रपति के सामने था। मैंने खुद से कहा कि यह सबसे खराब था पल! उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति से एक संदेश मिला था और खेल मंत्री एमिली औडिया-कास्टेरा ने उन्हें फोन करके यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि सब कुछ ठीक है।ओलंपिक के बारे में उन्होंने कहा उद्देश्य पोडियम पर पहुंचना स्पष्ट है।

जान्डार्ड ने गमुस्कुराहट से भरे एक वीडियो के साथ इंस्टाग्राम पर अपने अनुयायियों को बताया था कि वे थोड़ी सी जानकारी के पात्र हैं और स्वीकार करते हैं कि वह गणतंत्र के राष्ट्रपति के सामने, पूरे फ्रांस के सामने गिर गए थे।उन्होंने कहा, मुझ पर हंसो, क्योंकि सच कहूं तो मैं इसका हकदार हूं।जांडार्ड को पेरिस में 3-मीटर सिंक्रोनाइज़्ड इवेंट में प्रतिस्पर्धा करनी है।

# आशुतोष शर्मा ने कहा बल्लेबाजी करते समय आत्मविश्वास था


**अहमदाबाद,05 अप्रैल 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ अपनी आतिशी पारी के बाद, पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि उन्हें बल्लेबाजी करते समय आत्मविश्वास था। कोच और स्टाफ को उन पर विश्वास था। 25 वर्षीय बल्लेबाज ने 17 गेंदों में 182.35 की स्ट्राइक रेट से 31 रन बनाए और अपनी टीम को गुजरात पर 3 विकेट से जीत दिलाने में मदद की। आशुतोष ने क्रीज पर अपने समय के दौरान 3 चौके और एक छक्का लगाया।




मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, आशुतोष ने कहा कि पंजाब स्थित फ्रेंचाइजी के प्रबंधन ने उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास ने उन्हें धमाकेदार पारी खेलने में मदद की। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आगे कहा कि वह अपने कोचों के भरोसे का बदला चुकाकर खुश हैं। आत्मविश्वास था क्योंकि कोच और पंजाब किंग्स प्रबंधन मुझ पर बहुत विश्वास करते थे। वे मेरा बहुत समर्थन कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा, तुम ऐसे खिलाड़ी हो जो हमारे लिए खेल खत्म करने में सक्षम है। मैं बीच में गया और इसे लागू किया, मुझे कोचों द्वारा दिखाए गए विश्वास का बदला चुकाने में खुशी हो रही है, आशुतोष ने कहा।

# क्रिवेलारो और रहीम के गोल ने चेन्नईयिन एफसी को जमशेदपुर के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई

**चेन्नई,05 अप्रैल 2024।** चेन्नईयिन एफसी ने गुरुवार को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जमशेदपुर एफसी के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत हासिल की, जिससे प्लेऑफ में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें बरकरार रहीं। चल रही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24। मैच के दूसरे भाग के दौरान घरेलू टीम के लिए राफेल क्रिवेलारो (52वें) और रहीम अली (59वें) ने गोल किए। जमशेदपुर के लिए एकमात्र गोल री ताचिकावा (22वें मिनट) ने किया। मरीना मचान्स अब 20 मैचों में कुल 24 अंकों के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है।




चेन्नईयिन ने साहसपूर्वक मैच की शुरुआत की और 10वें मिनट में फ्री-किक हासिल की। हालाँकि, क्रिवेलारो के शॉट को गोल के ठीक सामने रोक दिया गया। 20वें मिनट में जॉर्डन मरे का प्रयास पोस्ट के बाईं ओर से चूक गया, जब क्रिवेलारो ने कुशलतापूर्वक एक सटीक फ्लिक के साथ उसे 18-यार्ड बॉक्स के अंदर पाया। दो मिनट बाद ताचिकावा ने मोहम्मद उवैस के क्रॉस पर हेडर से गेंद को गोल में डालकर विरोधी टीम को मुकाबले में आगे कर दिया।

घरेलू टीम ने बराबरी के लिए प्रयास जारी रखा और 27वें मिनट में क्रिवेलारो ने रेयान एडवर्ड्स को पकड़ने के लिए एक सटीक क्रॉस दिया, लेकिन डिफेंडर गेंद को नेट के पीछे भेजने में विफल रहे। चेन्नईयिन के गोलकीपर देबजीत मजूमदार मौके पर पहुंचे और इमरान खान के बाएं पैर के शॉट को नकारते हुए निचले दाएं कोने में एक सटीक डाइविंग बचाई। बॉक्स के केंद्र से फारुख चौधरी के हेडर को 35वें मिनट में जमशेदपुर के गोलकीपर टीपी रेहेनेश ने ऊपरी बाएं कोने में बचा लिया, जबकि एडवर्ड्स ने हाफटाइम से ठीक पहले बॉक्स में एक शानदार ब्लॉक बनाया। दूसरे हाफ में घरेलू टीम की शुरुआत बेहतरीन रही क्योंकि क्रिवेलारो ने 52वें मिनट में बाएं पैर से गोल के ऊपरी बाएं कोने पर शॉट लगाकर बराबरी का गोल दाग दिया। अली बेंच से बाहर आये और सात मिनट बाद गोलकीपर के ऊपर चिप लगाकर चेन्नइयन को आगे कर दिया। कॉनर शील्ड्स ने 74वें मिनट में बॉक्स के बाहर से एक शॉट के साथ खुद को कार्रवाई के केंद्र में पाया। हालाँकि, रेहेनेश ने निचले दाएं कोने पर अच्छा बचाव किया। जेरेमी मंज़ोरो ने बॉक्स के बाहर से गोल करने का प्रयास किया लेकिन इस बार मजूमदार ने गेंद को गोल के केंद्र में पकड़कर बढ़त बरकरार रखी। चेन्नईयिन अब नॉर्थईस्ट युनाइटेड की मेजबानी करेगा, जबकि जमशेदपुर एफसी मंगलवार को एफसी गोवा से भिड़ेगा।

# सुपरस्टार विजय देवरकोंडा ने अपने पिता को बताया अपना फैमिली स्टार,कहा- आप हमेशा मेरे रहेंगे...



साउथ स्टार विजय देवरकोंडा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी और अपने पिता की पुरानी तस्वीरों वाला एक भावनात्मक वीडियो साझा किया। शुक्रवार को अपनी फिल्म की रिलीज से पहले पोस्ट में उन्होंने अपने पिता को अपना फैमिली स्टार भी कहा। विजय द्वारा साझा की गई छोटी क्लिप में उन्हें और उनके भाई आनंद को उनके पिता और मां के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में एक टेक्स्ट भी है जिसमें लिखा है, माई फैमिली स्टार...तुम्हारे बिना मैं वहां नहीं होता जहां मैं आज हूं। एक बच्चे के रूप में मेरे पहले कदम से लेकर आज मेरे हर कदम तक, मुझे पता है कि आप मेरे पीछे खड़े हैं और मुझे देख रहे हैं। आपने संघर्ष किया इसलिए मुझे कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा, आपने अपनी खुशियों का बलिदान दिया ताकि मैं खुश रह सकूं।

उन्होंने आगे लिखा- तुम मेरे पहले सबसे अच्छे दोस्त हो। आप मेरी ताकत हो। आप मेरे हीरो हैं। अगर मैंने कभी तुम्हें ठेस पहुंचाई हो या तुम्हें निराश किया हो तो मुझे माफ कर देना। पता है कि मैं तुमसे प्यार करता हूँ। आपको गौरवान्वित करना मेरी सबसे बड़ी सफलता होगी। उन्होंने आगे लिखा, आप हमेशा मेरे फैमिली स्टार रहेंगे।

वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, मेरे हीरो। मेरा सितारा। जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है और मुझे नहीं पता कि इसमें क्या छिपा है। लेकिन मैं आपको गौरवान्वित और खुश करने के लिए हर दिन काम करता हूं। मैं तुमसे प्यार करता हूँ मेरे सुपरस्टार। हमने अपने जीवन में सितारों का जश्न मनाने के लिए #फैमिलीस्टार बनाया, आपके साथ उस आदमी का एक छोटा सा फ्लैशबैक साझा कर रहा हूं जिसके लिए मैंने यह फिल्म बनाई है। मैं यह फिल्म अपने परिवार के लिए लड़ने वाले हर पुरुष/महिला/लड़के/लड़की को समर्पित करता हूं। परसुराम पेटला द्वारा निर्देशित,फ़ैमिली स्टार विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर के बीच पहला सहयोग है। अभिनय, वासुकी, रोहिणी हट्टंगडी और रवि बाबू सहित कलाकारों द्वारा समर्थित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना की विशेष भूमिका भी है। दिल राजू द्वारा निर्मित, यह बहुभाषी रिलीज़ (तेलुगु, तमिल और हिंदी) आज, 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई है।



## साइलेंस 2 से प्राची देसाई की पहली झलक आई सामने

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2021 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।इस फिल्म में प्राची देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।हाल ही में साइलेंस 2 का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया।अब साइलेंस 2 से प्राची की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म में उनके किरदार का नाम इंस्पेक्टर संजना हैं।ज़ी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यहां तक कि एक महान पुलिसकर्मी को भी मामले को सुलझाने के लिए एक शानदार टीम की आवश्यकता होती है। पेश है एसीपी अविनाश की सबसे भरोसेमंद सहयोगी - इंस्पेक्टर संजना।साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग को भी आप जी 5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं।

# डेविड धवन की अगली अनटाईटल्ड फिल्म में वरूण धवन करेंगे अभिनय



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपने पिता और दिग्गज फिल्म निर्माता डेविड धवन द्वारा बनाई गई तीन हिट फिल्मों में काम किया है। मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 के बाद एक बार फिर वरुण अपने पिता के साथ काम करते नजर आएंगे।

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपने पिता और दिग्गज फिल्म निर्माता डेविड धवन द्वारा बनाई गई तीन हिट फिल्मों में काम किया है। मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 के बाद एक बार फिर वरुण अपने पिता के साथ काम करते नजर आएंगे। निर्माताओं ने वरुण धवन अभिनीत एक नई फिल्म की घोषणा की है। गौरतलब है कि इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। वरुण धवन और डेविड धवन की अगली अनाम फिल्म गांधी जयंती, 2 अक्टूबर, 2025 के अवसर पर देशभर में रिलीज होगी। यह एक पारिवारिक कॉमेडी मनोरंजन फिल्म होगी। यह वरुण की अपने पिता डेविड धवन के साथ चौथी फिल्म होगी। तरण आदर्श ने अपने ट्विटर प्रोफाइल पर घोषणा नोट भी पोस्ट किया।

वरुण ने पहली बार अपने पिता डेविड धवन के साथ 2014 में फिल्म मैं तेरा हीरो में काम किया था, जो तेलुगु फिल्म कांडिरिगा की रीमेक थी। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा नरगिस फाखरी और इलियाना डिक्रूज मुख्य भूमिका में नजर आई थीं. इसके बाद वरुण साल 2017 में जुड़वा 2 में नजर आए। अपने पिता डेविड धवन के साथ काम करने को लेकर एक इंटरव्यू में वरुण ने कहा था कि उनके पिता कॉमेडी किंग हैं। उन्होंने तीन दशकों तक ऐसी फिल्में बनाईं और सफलता हासिल की। ऐसे में मैं उनके साथ ऐसा करने में सुरक्षित महसूस करती हूं।

वरुण ने आखिरी बार पिता डेविड धवन की फिल्म कुली नंबर 1में काम किया था। यह फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वरुण के अलावा सारा अली खान और परेश रावल भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि पिछली फिल्मों की तुलना में यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। काम के मोर्चे पर, वरुण अगली बार एटली की बेबी जॉन में दिखाई देंगे।

# राजधानी के ट्रांसफार्मर गोदाम में ब्लास्ट के बाद लगी भीषण आग

» गोदाम में रखे 1500 ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए

» दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंची

**रायपुर,05 अप्रैल 2024(ए)।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय के गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर में अचानक तेज धमाके बाद वहां भीषण आग लग गई।

जानकारी के अनुसार, गोदाम में रखे 1500 ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि गोदाम में करीब 6000 ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिससे बिजली विभाग कार्यालय में लगी आग से आसपास अफरातफरी मच गई। आसपास के इलाके में रहने वाले लोग घर खाली कर दिए हैं। मौके पर पुलिस और फायर फाइटर्स जुटे हुए हैं।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसमान में दूर से ही धुएं का गुबार नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने आग बढ़ती देख फायर ब्रिगेड और पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंच चुकी हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।

बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में आग लग जाने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। विभाग के कार्यालय में आग लगने की खबर मिलते ही सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच हुए है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट की वजह आग लगी है।

### सीएम के सचिव दयानंद ने संभाला कमान, आग बुझाने में लगी है 30 से ज्यादा दमकल की गाड़ियां,अब स्थिति नियंत्रण में

गुढ़ियारी स्थित बिजली विभाग के सब डिवीजन दफ्तर में लगी आग अब नियंत्रण की स्थिति में पहुंच गया है। बिजली विभाग प्रमुख और मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद मौके पर पहुंचकर कमान संभाल रहे हैं। पी दयानंद ने कहा, नुकसान का अभी आंकलन नहीं किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अब आग लगभग नियंत्रण की स्थिति में है।

नेफ्रो से एक, बीएसपी से, जिले की सभी दमकल गाड़ियां इस तरह 30 से ज़्यादा दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी है.। पानी सप्लाई नहीं होने से आधे से अधिक दमकल गाड़ियां खड़ी है। वहीं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत भी मौके पर अड़े हुए हैं। बस्ती और आग के बीच एयरपोर्ट दमकल टीम तैनात हैं। पानी सप्लाई नहीं होने के कारण आग बुझाने में देरी हो रही। पानी सप्लाई मिल जाने से आधे घंटे में आग कंट्रोल करने का दावा किया जा रहा। एयरपोर्ट दमकल टीम के सुपरवाइजर ने कहा, अब गाड़ी से एक इंच आगे आग नहीं बढ़ेगा।

### गुढ़ियारी अग्निकांडः मुख्यमंत्री के सचिव घटनास्थल पहुंचे

गुढ़ियारी स्थित बिजली विभाग के सब डिवीजन दफ्तर में लगी आग अब नियंत्रण की स्थिति में पहुंच गया है। बिजली विभाग प्रमुख और मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद मौके पर पहुंचकर कमान संभाल रहे हैं। पी दयानंद ने कहा, नुकसान का अभी आंकलन नहीं किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अब आग लगभग नियंत्रण की स्थिति में है। बता दें कि नेफ्रो से एक, बीएसपी से, जिले की सभी दमकल गाड़ियां इस तरह 30 से ज़्यादा दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी है। पानी सप्लाई नहीं होने से आधे से अधिक दमकल गाड़ियां खड़ी है। वहीं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत भी मौके पर अड़े हुए हैं। बस्ती और आग के बीच एयरपोर्ट दमकल टीम तैनात हैं। पानी सप्लाई नहीं होने के कारण आग बुझाने में देरी हो रही। पानी सप्लाई मिल जाने से आधे घंटे में आग कंट्रोल करने का दावा किया जा रहा। एयरपोर्ट दमकल टीम के सुपरवाइजर ने कहा, अब गाड़ी से एक इंच आगे आग नहीं बढ़ेगा।



### बिजली दफ्तर आगजनी स्थिति का जायजा लेने घटना स्थल पहुंचे सीएम साय, कहा : बड़ा नुकसान हुआ है, जांच के बाद होगी कार्रवाई

राजधानी रायपुर के बिजली ऑफिस में भीषण आग लगने से इलाके में दिनभर अफरातफरी का महौल रहा. वहीं देर शाम सीएम विष्णुदेव साय मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. सीएम ने कहा, यह दुखद घटना है. बड़ा नुक़सान हुआ है. मामले की जांच की जाएगी. जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.

सीएम साय ने कहा, आग पर काबू पाने में जिला प्रशासन अमला और लोगों का बड़ा सहयोग मिला है. बड़ी संख्या में आसपास के लोगों को ख़ाली कराए थे. अब उनका विस्थापन किया जा रहा है. यह घटना जांच का विषय है. जांच के बाद रिपोर्ट अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान विधायक राजेश मूणत भी मौजूद रहे.

## कलेक्टर को लगी गंभीर चोट, डॉक्टरों ने किया प्राथमिक इलाज

रेस्क्यू के दौरान रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को चोट लगी है. जूता से पार कर नुकीला लोहा उनके पैर में गड़ गया है. मौक पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। आपको बता दें कि गुढ़ियारी थाना इलाके में लगे भीषण अग्निकांड को लेकर पुलिस-प्रशासन सभी जुटे हुए है। इसी दौरान आईएएस गौरव सिंह के पैर में नुकीला लोहा चुभ गया जिसकी वजह से उनके पैर में गंभीर चोट आ गई। फिलहाल कलेक्टर के पैर में ड्रेसिंग कर दिया गया है। रायपुर में अग्निकांड छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सीएसपीडीसीएल ट्रांसफॉर्मर गोदाम में भीषण आग लग गई है। दूर-दूर तक आसमान में धुएं का गुबार दिख रहा है। पुलिस ने 3 किलोमीटर के दायरे को खाली कराते हुए रास्ता ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा आसपास के घरों को भी खाली कराया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका है इसके बाद ट्रांसफॉर्मर पटाखे की तरह फटने लगे। ये ट्रांसफॉर्मर गोदाम गुढ़ियारी थाना के कोटा इलाके में है। आग करीब 4 घंटे से लगी है। फिलहाल सिर्फ एक हिस्से पर काबू पाया गया है।



जमीन में हजारों ट्रांसफॉर्मर रखे होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाडियां गोदाम के दरवाजे पर ही रुक गई हैं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दूसरे हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके चलते गोदाम के अंदर आग कितनी दूरी तक फैली हुई है यह भी साफ नहीं हो पा रहा है। गोदाम के एक हिस्से में तो आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन दूसरे हिस्से में अब भी तेज आग लगी हुई है। ये वही हिस्सा है जिसके पीछे कोटा इलाके की घनी बस्तियां हैं। फायर ब्रिगेड ने गोदाम के एक हिस्से में आग पर काबू पा लिया है। इसी हिस्से से अब फायर कंट्रोल टीम अंदर घुसकर आगे की आग को काबू पाने की कोशिश कर रही है।

# आबकारी विभाग करेगा प्लेसमेंट कंपनी रिप्लेस

» कर्मचारियों की छंटनी भी तय

» बाहर से आकर कइयों ने जमाए पांव,ब्लेक लिस्टेड भी शामिल,आबकारी विभाग करेगा बड़ा बदलाव




**रायपुर,05 अप्रैल 2024(ए)।** शराब बिक्री के लिए प्लेसमेंट कंपनी बदलने के बाद अब विभाग पुराने कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी में है। विभाग ऐसे कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के मूड में है जो पिछ्ले दो से तीन साल एक ही दुकान में जमे हुए हैं। पुरानी प्लेसमेंट कंपनी में इन कर्मचारियों ने फील्ड अफसरों के साथ तालमेल बिठाकर कई तरीकों से वारे न्यारे किए हैं। इनमें कई चेहरे ऐसे हैं जो मूल रूप से दूसरे प्रदेश के हैं लेकिन कंपनी के बड़े जवाबदारों के प्रभाव में आकर किसी न किसी तरीके से एंट्री ली है। आबकारी सूत्रों के मुताबिक सीएसएमसीएल द्वारा व्यवस्था बदलने अब खाका तैयार कर लिया गया है। पुरानी कंपनी ने दुकानों के लिए सुपरवाइजर के अलावा फील्ड अफसर, ऑडिट अफसर और फिर फिल्ड मैनेजर नियुक्त किए थे लेकिन विभाग ने इस बार साफ कर दिया है दुकानों का संचालन सिर्फ फिल्ड अफसर करेंगे। बाकी बनाई गई व्यवस्था में फिल्ड मैनेजर, फिल्ड अफसर और ऑडिट के लिए दूसरे अन्य जवाबदारों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। प्लेसमेंट को वर्क आर्डर जारी होने के बाद आचार संहिता हटते ही सभी जोन के लिए शर्तें तय कर दी जाएगी। बताया जाता है पुरानी प्लेसमेंट कंपनी के आने के पहले बिहार के एक गुट का दबदबा रहता था। यहां से आने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह एंट्री लेकर बकायदा दुकानों का बंटवारा किया था। अपने-अपने सुपरवाइजर बिठाकर दुकानों में वारे न्यारे किए थे। प्लेसमेंट से काम लेकर अपने हिसाब से दुकानों में बिक्री का सिस्टम बिठाया जाता था। इसके बाद ओवर रेट से लेकर कोचियों का चेनल बनाने तक भूमिका बांधी जाती थी। अब आबकारी नीति बदलने के बाद प्लेसमेंट के लिए भी विभाग अलग से नियम तय करने के मूड में है।

### ब्लेक लिस्टेड चेहरे का बड़ा खेल

पुरानी प्लेसमेंट कंपनी ने भले ही दुकानों में बिक्री के दौरान गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ ऊपरी कार्रवाई कर प्रकरणों का निपटारा किया है लेकिन असल में जिन कर्मचारियों को ब्लेक लिस्टेड किया गया, कई चेहरे अभी भी दुकानों में जमे हुए हैं। पर्दे के पीछे से भी कई कर्मचारियों ने दुकानों को प्रभाव में रखा है। कंपनी के साफ्टवेयर में कर्मचारियों के नाम और फोटो में खेला कर ब्लेक लिस्टेड होने वालों ने फिर से पांव जमा लिया।

### सिक्योरिटी कंपनी बिकवाएगी शराब

रायपुर जिले को एक नंबर जोन में रखा गया है। बीआईएस (बांबे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी को टेंडर मिला है। बताया जा रहा है जिले की दुकानों में पहले पुरानी एजेंसी ने 500 से ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की थी। कई दुकानों में काम छोड़ चुके हैं लेकिन इनकी जगह में बाहरी तत्वों ने प्रभाव जमा रखा है।

## ताम्रध्वज साहू ने चुनाव आयोग को दी गलत जानकारी,बीजेपी नेता का दावा



**महासमुंद,05 अप्रैल 2024 (ए)।** महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के द्वारा दाखिल किये गये नामांकन को लेकर भाजपा नेता कविंद्र जैन आरोप लगाया है कि नामांकन पत्र मे शपथ पूर्वक दी गयी जानकारी दोषपूर्ण है तथा उसमे सत्य को छिपाने का प्रयास किया गया है। साहू ने अपने नाम निर्देशन पत्र मे संलग्न शपथ पत्र मे अपनी एवं अपनी पत्नी की संपत्ति के ब्यौरे प्रस्तुत किये हैं उसे देखने से स्पष्ट है कि उनके द्वारा शपथ पूर्वक आयोग को संपत्ति के बाजार मूल्य के संबंध मे मिथ्या जानकारी दी गयी है।

शपथ पत्र मे दिये गये ब्यौरे मे उन्होंने अपने नाम से 342.19 ग्राम सोने का मूल्य 1045560 रुपये तथा पत्नी के नाम पर 200 ग्राम सोना होने की बात लिखी है जिसका मूल्य उन्होंने सिर्फ 650000 रु अंकित किया है । उनके द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उन्होंने सोने का मूल्य महज 3000 - 3250 रुपये प्रति ग्राम आंका है जबकि दिनांक 04 अप्रेल के दिन जिस दिन नामांकन दाखिल किया गया उस दिन सोने का बाजार मूल्य प्रति ग्राम लगभग 7000 रुपये के आसपास था।

उनके द्वारा दिये गये ब्यौरे से स्पष्ट है कि उन्होंने दोषपूर्ण जानकारी चुनाव आयोग को दी है और वास्तविक जानकारी को छिपाने का प्रयास उनके द्वारा किया गया । ऐसी दोषपूर्ण जानकारी देने के पीछे उनका उद्देश्य क्या है ये चुनाव आयोग को पता लगाना चाहिये तथा इस त्रुटि को संज्ञान मे लेकर विधि अनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। जैन ने कहा कि राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी को इस विषय पर गंभीर होना चाहिये और पूर्ण रूप से सहीं एवं दोष रहित जानकारी अपने नाम निर्देशन पत्र मे देना चाहिए।

## बेटे ने कहा न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था

» हम शुरू से कहते रहे कि यह राजनीतिक षड्यंत्र था

» चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने ट्रायल कोर्ट की सजा को बरकरार रखा

**रायपुर,05 अप्रैल 2024 (ए)।** 2003 में हुए रामावतार जग्गी हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। 4 जून 2003 को एनसीपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से दो बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के दोषियों की अपील को खारिज किए जाने के बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था। सभी अभियुक्तों को सजा सुनाई गई। हमारा परिवार शुरू से कहता रहा कि यह राजनतिक षड्यंत्र था।आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में तीन पुलिस अफसर थे। इसके अलावा कारोबारी याहया ढेबर, अभय गोयल, सूर्यकांत तिवारी, शूटर चिमन सिंह समेत अन्य शामिल हैं। आरोपियों को आपराधिक षड्यंत्र की धारा 120 बी, हत्या की धारा 302 के तहत सजा दी गई है।



# जांच के दौरान दुर्ग में सबसे ज्यादा कैश मिला



### 6 सुरक्षा एजेंसियों के साये में होगा चुनाव

**रायपुर,05 अप्रैल 2024 (ए)।** अलग-अलग जिलों में वाहनों की जांच के दौरान 9.80 करोड़ रुपए कैश सीज किए गए हैं। इसी तरह 6 सुरक्षा एजेंसियों सीआरपीएफ , बीएसएसफ सीआईएसएफ आईटीबीपी एसएएफ और एनएसजी के साये में चुनाव जांच के दौरान 9 करोड़ 80 लाख कैश, 27 हजार 979 लीटर शराब, 1 हजार किलो से ज्यादा नशीली सामग्री और करीब पौने दो करोड़ के गहने जब्त किए गए हैं।

इसमें दुर्ग पुलिस पहले नंबर पर है। दुर्ग पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान 3 करोड़ 64 लाख रुपए जब्त किए हैं। इस मामले में दूसरे नंबर पर रायपुर पुलिस है, जिसने वाहन चेकिंग के दौरान 3 करोड़ 52 लाख रुपए कैश पकड़ा है। बता दें राजनांदगांव में 23, महासमुंद में 19 और कांकेर में 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन ने नॉमिनेशन किया है। वहीं, बस्तर में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### सीआरपीएफ, बीएसएसफ सीआईएसएफ आईटीबीपी एसएएफ और एनएसजी के साये में चुनाव

पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। इसके लिए 36 हजार जवानों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए सीआरपीएफ , बीएसएसफ सीआईएसएफ आईटीबीपी एसएएफ और एनएसजी जवानों की मांग भी की है। मतदान दलों और सुरक्षाकर्मियों को पोलिंग बूथ और कंट्रोल रूम तक पहुंचाने के लिए 36 हजार 123 वाहनों को किराए पर लिया जाएगा।

### इन जिलों से अब तक बरामद रकम

दुर्ग- 3.64 करोड़ रुपए
रायपुर- 3.52 करोड़ रुपए
राजनांदगांव- 1.34 करोड़ रुपए
रायगढ़- 62 लाख रुपए
महासमुंद- 20 लाख रुपए
दंतेवाड़ा- 18 लाख रुपए
जांजगीर-चांपा- 8 लाख रुपए
कोंडागांव- 2 लाख रुपए
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- 1 लाख रुपए

## ईओडब्ल्यू ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड,मिली सिर्फ 3 दिन की

**रायपुर ,05 अप्रैल 2024 (ए)।** ईओडब्ल्यू ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड मिली सिर्फ 3 दिन की, शराब घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय के बाद राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने कार्रवाई तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आरोपी अनवर ढेबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।ईओडब्ल्यू ने अनवर की 15 अप्रैल तक रिमांड मांगे थे लेकिन कोर्ट ने 8 अप्रेल तक की रिमांड स्वीकृत किया है। । कोर्ट ने ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपी अनवर ढेबर की रिमांड पर फैसला दे दिया है। फैसला सुनाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा ढेबर की तीन दिन की रिमांड ईओडब्ल्यू को दिया है।



ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लेने के बाद अनवर ढेबर को रायपुर कोर्ट में पेश किया और 17 अप्रैल तक रिमांड मांगी थी। जानकारी के मुताबिक ईओडब्ल्यू और एसीबी ने एडीजे निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में अपना पक्ष रखा हैं।जमानत पर चल रहे अनवर ढेबर को ईओडब्ल्यू ने हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। आज उसे कोर्ट में पेश कर विधिवत रिमांड में लेने की अपील की है। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला केस में आरोपी कारोबारी अरविंद सिंह को जेल से छूटने के बाद गिरफ्तार कर स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। अरविंद सिंह को कोर्ट ने 8 अप्रैल तक रिमांड पर सौंप दिया है।

## चरणदास महंत पर हेट स्पीच पर दर्ज होगा एफआईआर

**रायपुर,05 अप्रैल 2024 (ए)।** चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के चरणदास महंत के खिलाफ हेट स्पीच मामले पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिया हैं। यह निर्देश पत्र सीईओ के जरिए कलेक्टर नांदगांव को भेज दिया गया है। संकेत हैं कि देर रात या कल मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लिया जाएगा। इलेक्शन कमीशन का आदेश देर रात राजनांदगांव के थाने में पहुंच गया है।



उधर, प्रधानमंत्री का मामला था लिहाजा निर्वाचन आयोग ने भी इसे गंभीरता से लिया। दरअसल, महंत पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। सो, अफसरों का कहना है कि स्टार प्रचारक के खिलाफ राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय या डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आफिसर सीधे एक्शन नहीं ले सकता। चरणदास महंत ने 3 अप्रैल को राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामंकन रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर लाठी मारने कहा था। हालांकि, अगले दिन अपने बात से पलटते हुए उन्होंने बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले लोग मेरी बात को समझ नहीं पाए और बात का बतंगड़ बना रहे हैं। उनके बचाव में प्रत्याशी भूपेश बघेल भी सामने आए हैं।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाबी हमला करते हुए कहा कि हिम्मत है तो पहले लाठी उन्हें मारे। ऐसे ही वित्त मंत्री ओपी चौघरी ने भी नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ बयान जारी किया। उधर,दिल्ली में बीजेपी के नियमित प्रेस कांफ्रेंस में भी यह मामला उठा ।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 1 माओवादी ढेर,शव समेत हथियार बरामद,सर्चिंग जारी



**दंतेवाड़ा,05 अप्रैल 2024 (ए)।** पिछ्ले कुछ दिनों से नक्सलियों की कायराना करतूत लगातार जारी है। इसी के तहत आज फिर एक खबर आई है। दरअसल दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में आज शुक्रवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से हुई गोलाबारी में फोर्स को सफलता हासिल हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक जवान ने गोलाबारी के दौरान एक नक्सली को मार गिराया है और कुछ घायल भी हैं। हालांकि मारे गए नक्सली की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस फोर्स मौके पर ही मौजूद है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पुरंगेल, बड़ेपल्ली, डोडीतुमनार, गमपुर के जंगल में भारी संख्या में हार्डकोर इनामी नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर 4 अप्रैल की शाम जवानों की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया था।आज 5 अप्रैल की सुबह इसी इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब 30 मिनट तक दोनों ओर से फायरिंग हुई। जब मुठभेड़ रुकी, तो जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक पुरुष नक्सली का शव बरामद किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)